# सोशल मीडिया पर न डालें आपत्तिजनक पोस्ट: डीएम

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम अभिषेक आनंद और एसपी ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर किसी तरह की ऐसी पोस्ट न डालें, जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो और सौहार्द्र बिगड़े। ये बातें डीएम अभिषेक आनंद ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में कहीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद रहे। डीएम ने सबसे पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में सहयोग की अपेक्षा की। कहा कि यह बैठक इसलिए की जा रही है क्योंकि कभी भी आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है। सभी को आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी गई है। अगर किसी के पास चुनाव से संबंधित समस्या या सुझाव हो तो उनको या एसपी को बताए। तत्काल उस पर अमल किया जाएगा। उन्होंने नेताओं से कहा कि मतदाता, मतदान केंद्रों व बूथों आदि जानकारी के लिए सूची दी गई है। सभी मिलकर चुनाव निर्भीक, निष्पक्ष संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आदि में गलत खबर न फैलाएं। इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता अवश्य करें। डीएम ने कहा कि हर हाल में आयोग के दिशा निर्देशों का पालन कराया जाएगा। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र ने बताया कि पोलिंग पार्टियां चित्रकूट इंटर कॉलेज से रवाना होंगी। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण भी इसी कॉलेज में दिया जाएगा। स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल रामायण मेला परिसर सीतापुर बनाया गया है।

इसके पूर्व सभी ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण भी किया। बैठक में एडीएम नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, एएसडीएम सतीश चंद्र आदि अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**चुनाव के लिए है पर्याप्त पुलिस बल :** एसपी ने कहा कि चुनाव को संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स है। आचार संहिता जब लागू की जाएगी तत्काल पुलिस सक्रिय होकर मदद करेगी।

### ईवीएम की दी जाएगी जानकारी

डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण व मतदान के लिए कौन सी ईवीएम किस बूथ पर जाएगी उसकी सूची सभी को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी पार्टियों से समान व्यवहार किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता का पालन प्रत्येक दशा में किया जाएगा। अगर कोई उल्लंघन करेगा तो कार्रवाई की जाएगी।



अजय राज को मनोनयन पत्र देते यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

# अजय राज बने यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति पर किया गया मनोनयन

**अमृत विचार।** कस्बा निवासी युवा अजयराज त्रिपाठी को समाजवादी पार्टी की मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश सचिव बनाया गया है। उनके मनोनयन पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों ने बधाई दी है। पद मिलने पर अजय ने सपा नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

अजय राज को ब्रिगेड के लखनऊ स्थित कार्यालय प्रदेश अध्यक्ष अनीस रज़ा ने मनोनयन पत्र सौंपा। इस मौके पर उपाध्यक्ष यथांश महाराज, प्रकाशवीर सिंह, शिवांश मिश्रा एवं विपिन चौधरी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। यह मनोनयन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर किया गया है। राज्य कार्यकारिणी में पद पाने पर अजय राज ने पार्टी के प्रति आभार जताया। अजय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों के हर संघर्ष में आगे रहने वाले जुझारू नेता रहे हैं और वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता हैं। वह शिक्षक नेता स्व. कृष्णदेव त्रिपाठी के पुत्र हैं। अजय के मनोनयन पर सदर विधायक अनिल प्रधान, जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह पटेल, पंकज यादव, कांग्रेस नेता अजय द्विवेदी, शादाब गनी, युवा सपा नेता मनीष कुमार मंडौर, राममिलन बाजपेयी , राममूरत यादव, शारदा यादव आदि ने बधाई दी है।

### बतकही

#### ...और आम चूसकर खाया जाता है

चाय की दुकान की बेंच पर बैठा मैं और फलाने काफी देर तक राजनीतिक मुद्दों पर बातें करते रहे पर अचानक बातचीत का सिरा फलाने ने दूसरी ओर मोड़ दिया। बोला, यार यह नागिन नाला कहां है। मैंने सवालिया निगाह से उसकी ओर देखा और बोला, नागिन नाला। हां यार, नागिन नाला। फलाने ने दुहराया। मैंने कहा, कोई लोकेशन तो दो। उसने राज खोला, अरे यार मैं बेड़ी पुलिया से पुल घाट तक सड़क के दोनों ओर बनने वाले नाले की बात कर रहा हूं। अब मेरे ज्ञानचक्षु खुल गए थे। मैंने कहा, अच्छा तुम हाईवे के किनारे के नालों की बात कर रहे हो। उस नाले की तो अजब कहानी है। आश्चर्य यह है कि किसी अधिकारी, जनप्रतिनिधि ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। मैंने बताया, असल में पता यह चला है कि हुआ यह कि हाईवे अथारिटी को वन विभाग से इस संबंध में पेड़ कटवाने की एनओसी लेनी थी। शायद वह मिली नहीं और ऐसे में पेड़ों को बचाने की कोशिश में नाला इस तरह बन गया। अरे यार, तुम भी अच्छी बात कर रहे हो...। फलाने ने मानो मेरी बात को ही सिरे से खारिज कर दिया। अगर रास्ते में कोई और बड़ा निर्माण होता और विभाग उसे हटाने की एनओसी न देता तो क्या नाला उसके ऊपर से होकर चला जाता। दोनों सरकारी विभाग थे, सामंजस्य होना चाहिए था। अब बरसात में क्या पानी सीधे बह जाएगा। अरे यार... तुम भी क्या बात लेकर बैठ गए। इस नाले के मंदाकिनी नदी में गिरने को लेकर कितना बवाल हुआ, तुमको मालूम है। और रही सामंजस्य की बात तो मैं तुमको बताता हूं कि हाल फिलहाल में दो से तीन बार सड़क के किनारे खोदे जा चुके हैं। कभी पाइप डालने के नाम पर, कभी नाला बनाने के नाम पर तो कभी इंटरलाकिंग के नाम पर। अब जो इंटरलाकिंग हुई, तो गड्ढों से निकली मिट्टी कहां गई, तुमको बता है। जरा घरों में जाकर देखो उनका निकास कितना ऊंचा हो गया है। विभाग ने तो इंटरलाकिंग कराकर इतिश्री कर ली और अब बाकी लोग जानें, भुगतें। आज मैं बोल रहा था और फलाने चुप था। शायद मेरे मन का गुबार बाहर आ गया था। मैं आगे बोला, पता नहीं फिर कब यह सड़क खोद दी जाए। हां यार, फलाने का स्वर शांत था, सही कह रहे हो। विभागों के असामंजस्य का दंश पब्लिक को ही भुगतना पड़ता है। किसी ने सच ही कहा है ...मैं एक आम आदमी हूं और आम चूसकर खाया जाता है।

# कम नहीं होनी चाहिए जिले की रैंकिंग: डीएम

संवाददाता, चित्रकूट

- बैठक में डीएम ने की समीक्षा, हिदायत दी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अधिकारियों से कहा है कि किसी भी दशा में जिले की रैंकिंग कम नहीं होनी चाहिए। सीएम कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।

डीएम ने व्यापार कर, खनन, स्टांप, परिवहन, आबकारी और विद्युत विभाग के अधिकारियों को 90 प्रतिशत से ऊपर वसूली कराने की हिदायत दी। सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि बैंकों की आरसी पर ध्यान दें और वसूली कराएं। विद्युत बकाये में तहसीलदारों को भी लगाया जाए। बैठक में डीएम ने मोबाइल फोन व टैबलेट से फीडिंग, गेहूं खरीद आदि के संबंध में पूछा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि निवास और आय प्रमाणपत्र में पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि एक वर्ष से अधिक लंबित पैमाइश के मामलों को अभियान चलाकर पूरा करें। पत्थर गढ़ी के आदेश का भी अनुपालन करें। इस अवसर पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर सतीश चंद्र, कर्वी सौरव यादव रहे।

# भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष की पोस्ट चर्चा में

- फेसबुक पर लिखा- बिना पेपर पढ़े जो बोल नहीं पाते... आज तैयार हैं

**चित्रकूट।** भारतीय जनता पार्टी के निर्वतमान जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे की फेसबुक पर एक पोस्ट फिर चर्चा में है। इस पोस्ट को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। खरे इस बात को स्वीकार भी करते हैं पर उनसे जब इसका निहितार्थ पूछा गया तो उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, समझने वाले समझ गए हैं।

चंद्रप्रकाश की फेसबुक पर की गई कई पोस्टें चर्चा का विषय बनी रही हैं। जिलाध्यक्ष पद से हटने के बाद जिस तरह से उन्होंने कई विभीषणों और पीठ में छुरा घोंपने वालों को शायराना अंदाज में निशाने पर लिया था, वह उनके आलोचकों और विरोधियों को चुभा भी था। उनके समर्थक बताते हैं कि जिस तरह से कुछ लोगों ने उनको पद जाने के बाद उपेक्षित किया है, उससे खरे बहुत आहत हैं। हालांकि बातचीत में वह इस बात को गलत बताते हैं। फेसबुक पर काफी सक्रिय रहने वाले चंद्रप्रकाश की एक पोस्ट हाल- फिलहाल चर्चा का विषय बनी है। उन्होंने पोस्ट किया है... बिना पेपर पढ़े जो एक मिनट भी बोल नहीं पाते, पेड़ के नाम पर फल बेचने वाले कह रहे हैं आज तैयार हैं।

# नियम के अनुसार ही कराएं खनन, न हो ओवरलोडिंग

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- डीएम और एसपी ने की पट्टाधारकों के साथ बैठक

**अमृत विचार।** अवैध खनन और परिवहन की बढ़ती शिकायतों और महोबा में हुए हादसे के मद्देनजर गुरुवार को डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अरुण कुमार सिंह ने खनन पट्टाधारकों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि खनन नियमों के अनुसार ही किया जाए। ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए।

महोबा जिले में मंगलवार को पहाड़ का टीला धसकने से खदान में काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत हो गई थी। तीन मजदूर घायल हुए थे। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। खनन कार्य के लिए बने नियम कानूनों का हर हालत में पालन कराया जाए। उन्होंने पट्टाधारकों से कहा कि श्रमिकों से पीपीई किट के बिना काम न कराया जाए। 18 साल से कम उम्र वालों से काम न करवाया जाए। सभी खदानों में ब्लास्टिंग के दौरान आवश्यक उपकरण और बचाव के सभी साधन रहने चाहिए। ब्लास्टिंग का काम दिन में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धूल से बचाव के लिए बराबर अंतराल पर पानी का छिड़काव किया जाए और निर्धारित जगह पर सीमा स्तंभ और संकेत बोर्ड लगा हुआ हो। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग न हो। डीएम ने पट्टा स्थल पर श्रमिकों के लिए सुविधाओं पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। मानक के अनुसार ट्रांसपोर्ट करें। इस मौके पर खनिज अधिकारी ने भी निर्धारित मानकों की जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर आदि अधिकारी एवं पट्टाधारक मौजूद रहे।

### तय सीमा में ही कराएं खनन

पुलिस अधीक्षक ने सभी पट्टाधारकों से कहा कि किसी भी दशा में ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। निर्धारित सीमा के अंतर्गत ही खनन कराया जाए। खदानों पर मैनेजर व सुपरवाइजर अवश्य हों।

# व्यापारियों ने किया पुलिस का सम्मान



पुलिसकर्मियों का सम्मान करते व्यापारी। अमृत विचार

**राजापुर।** ट्रक लूट का खुलासा करने पर व्यापारियों और अन्य लोगों ने पुलिस को बधाई दी है। गुरुवार को उद्योग व्यापार मंडल और सामाजिक संगठनों ने प्रभारी निरीक्षक और उनकी टीम को सम्मानित किया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच अच्छी समझ होने पर बड़ी से बड़ी घटना का खुलासा किया जा सकता है। बताया कि इस घटना के खुलासे में कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़ की जनता का सहयोग मिला। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन अनिल गुप्ता व सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मिश्रा ने कहा कि नब्बे के दशक में कस्बे में एक व्यापारी के यहां पड़ी डकैती का खुलासा इसी तरह पुलिस अधिकारियों ने किया था। आठ मार्च को होने वाली लूट की घटना का खुलासा 120 घंटे के अंदर किए जाने से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा। व्यापारियों ने कहा कि पुलिस इसी तत्परता के साथ काम करे तो अपराधियों में दहशत व्याप्त होगी। अपराधों में भी कमी आ सकती है। इस मौके पर सुभाष चंद्र अग्रवाल, सतीश चंद्र मिश्रा, शिवपूजन गुप्ता, विकाश अग्रहरि, सत्यवीर सिंह, संतोष अग्रहरि, भरत जायसवाल, सोनू गुप्ता मौजूद रहे।

# बिहार में छात्र कल्याण के डीन बने महेंद्र सिंह



डा. महेंद्र सिंह।

**चित्रकूट।** ऐंचवारा निवासी डा. महेंद्र सिंह को बिहार के एक कालेज में छात्र कल्याण का डीन बनाया गया है। सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक जीतनारायण सिंह व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या कुसुम देवी के छोटे बेटे ने बिहार में अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। आरा जिले के मां अरण्या देवी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह को छात्र कल्याण का डीन नियुक्त किया गया है। इसकी अधिसूचना आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय पटना ने जारी की है। डॉ. महेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं बड़े भाई डॉ. धर्मेंद्र सिंह को दिया है।

# दुराचार के दोषी को 20 साल की कठोर सजा

- 10 हजार रुपये जुर्माना भी भुगतना होगा



**चित्रकूट।** नाबालिग को घर से बरगलाकर ले जाने और दुराचार करने के मामले में दोषी को न्यायालय ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसे 10 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया गया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बरगढ़ थाने में एक व्यक्ति ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 जून 2017 की प्रातः वह अपनी पत्नी के साथ दूसरे घर गया था। लौटा तो नाबालिग पुत्री लड़की घर में नहीं मिली। पत्नी के गहने भी गायब थे। उसने बताया था कि आरोपी हमेशा उसके घर पर नजर रखता था और पूर्व में भी बेटी को बरगलाकर ले गया था।

इसकी एफआईआर भी दर्ज कराई थी और पूर्व की 25 मई 2017 की इस घटना में एफआईआर दर्ज होने के बाद बयान भी हो चुके थे। उसने आशंका जताई थी कि आरोपी स्वयं को बचाने के लिए दोबारा पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर एक गांव निवासी मोहित उर्फ प्रधान के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया था। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया था।

पीड़िता द्वारा दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पांडेय ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी मोहित उर्फ प्रधान को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। कोर्ट ने दोषी को 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया।

### 15 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**मऊ।** अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत एसआई इंद्रजीत गौतम की अगुवाई में घुरेहटा निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। इससे एक क्विंटल लहन व 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया गया।

दिशा-निर्देश | स्वीप के तहत मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने समीक्षा बैठक की

# मतदाता जागरुकता के काम में तेजी लाएं जिम्मेदार

चित्रकूट कार्यालय



स्वीप संबंधी बैठक करतीं मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सिस्टमैटिक वोटर्स एजूकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टीसिपेशन (स्वीप) के तहत गुरुवार को बैठक हुई। इसमें नोडल अधिकारी सीडीओ अमृतपाल कौर ने बीएलओ और अन्य लोगों को मतदाता जागरुकता के संबंध में काम करने को कहा। सीडीओ ने कहा कि घर-घर जाकर पता करें कि आखिर मतदान कम होने के कारण क्या रहे।

इस मौके पर बताया गया कि विगत विधानसभा चुनाव में 55 फीसदी से कम मतदान वाले दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 115 बूथों को चिह्नित कर प्रत्येक 10 बूथ पर एक नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जो प्रत्येक बूथ के बीएलओ, उस क्षेत्र या गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सफाईकर्मी आदि के साथ मिलकर एक-एक बूथ पर प्रत्येक दिन डोर टू डोर जाकर जागरूक करेगा। इनको मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए मतदान के लिए प्रेरित करेगा। ये घर-घर मतदाता जागरुकता के संबंध में स्टीकर भी चस्पा करेंगे। सीडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होते ही यह जागरुकता कार्यक्रम दो से तीन बार किया जाएगा। सभी बीएलओ बूथों की संपूर्ण जानकारी अपने पास रखें। अभी भी जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत होने से रह गया हो, पंजीकृत कराएं। यदि कोई मृत है या फिर अन्यत्र चला गया है तो नाम हटाएं। इस अवसर पर प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आलोक कुमार, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्र, शिक्षक सुरेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### प्रचार में बच्चों को लगाया तो नपेंगे 'नेताजी'

**चित्रकूट।** चुनाव संबंधी किसी भी काम में 18 साल से कम उम्र के किशोरों को नहीं लगाया जा सकेगा। ऐसा पाए जाने पर बाल श्रम अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अक्सर यह देखा जाता है कि चुनाव संबंधी पंफलेट चिपकाने, पोस्टर लगाने, अन्य तरीके से प्रचार प्रसार या दूसरे कामों में बच्चों को लगा लिया जाता है। चुनाव आयोग ने इस पर सख्ती दिखाई है। बच्चों से काम लेने पर अब संबंधित नेता पर कार्रवाई होगी। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र ने निर्देशित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन विषयक किसी भी प्रक्रिया में या प्रचार-प्रसार आदि में 18 वर्ष से कम आयु वाले किशोरों को नहीं लगाया जाए। ऐसा पाए जाने पर बाल श्रम अधिनियम के प्राविधानों के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश के क्रम में 18 वर्ष से कम उम्र के किशारों को किसी भी प्रकार से नियोजित नहीं किया जाएगा अन्यथा बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हेलो डाक्टर
आँखो से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
आँखो से धुँधला दिखना, आँखो से पानी आना, आँखो का लाल हो जाना, आँखो में दर्द बने रहना और मोतियाबिंद जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के नेत्र रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ० सुजाता गुप्ता से करें सवाल।

दिनांक 15 मार्च दिन शुक्रवार
समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805701

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### सियासी दलों की उपेक्षा पर ब्राह्मण समाज में उबाल

**बांदा :** ब्राह्मण समाज के किसी प्रत्याशी पर भरोसा न जताने को लेकर ब्राह्मण महासभा ने आक्रोश जताया। शहर के अलीगंज रामलीला मैदान स्थित गणेश भवन में आयोजित ब्राह्मण महासभा की बैठक में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बांदा-चित्रकूट व हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट पर घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। महासभा के बुंदेलखंड अध्यक्ष संतोष द्विवेदी ने कहा कि यह सीट ब्राह्मण बाहुल्य होने के बाद भी प्रमुख सियासी दलों ने उपेक्षा करते हुए पटेल समाज से प्रत्याशी बनाया है। जिससे ब्राह्मण समाज के लोग खासे आक्रोशित हैं। संगठन प्रमुख राजा कृष्णकांत तिवारी ने समाज के लोगों को एकजुटता का पाठ पढ़ाया। बैठक को किसान नेता बलराम तिवारी, निरंजन शुक्ला, श्यामबाबू तिवारी आदि ने संबोधित किया।

### तेज रफ्तार वाहन से कुचल कर बुजुर्ग की हुई मौत

**बांदा :** शहर कोतवाली क्षेत्र के कुरौली गांव निवासी रामविशाल उर्फ बड़कू (60) पुत्र पीतांबर यादव बुधवार की शाम बिना बताए घर से चला गया। रात को बक्छा बस स्टैंड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से निकले आधार कार्ड और मोबाइल नबंर से परिजनों को सूचना दी। मृतक के भतीजे मनोज ने बताया कि रामबिलास बिलगांव स्थिति एक ढाबा मे काम करता था।

# सिंचाई कर रहे किसान की धारदार हथियार से हत्या

## मरका थाना क्षेत्र में बाकलहार गांव के पास हुई वारदात

संवाददाता, बबेरू (बांदा)



घटनास्थल पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल और एसपी अंकुर अग्रवाल।

**अमृत विचार:** खेत की सिंचाई कर रहे किसान की धारदार हथियार से वार कर बुधवार की रात हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे मौके से फरार हो गए। सुबह खेत पहुंचे परिजनों ने शव खून से लथपथ देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ की। मरका थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को घटना के जल्द खुलासे के लिए निर्देश दिए और परिजनों को ढांढस बंधाया।

मरका थाना क्षेत्र पिंडारन गांव निवासी प्रेमचन्द्र उर्फ कल्लू (60) पुत्र हरी सिंह बुधवार की रात आठ बजे अपने घर से तीन किलोमीटर दूर स्थित बाकल हार खेतों की सिंचाई करने के लिए गया था। रात में ही अज्ञात लोगों ने उसे खेत में ही दबोच लिया और धारदार हथियार से सिर पर वार करके किसान की हत्या कर दी। घटना को अंजाम

- सुबह परिजन पहुंचे तो खून से लथपथ मिला किसान का शव

देने के बाद हत्यारे मौके से भाग निकले। गुरुवार की सुबह परिजन बाकल हार पहुंचे तो किसान नजर नहीं आया। खेतों में जाकर देखा तो खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। परिजनों की चीखपुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। हत्या की खबर पाकर सीओ राजवीर सिंह और थाना प्रभारी मरका रमेश कुमार मौके पर पहुंच गए। फारेंसिक टीम ने नमूने लिए। डाग एस्कवायड भी मौके पर पहुंचा, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में खबर पाकर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों से पूछताछ भी की। मरका पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक किसान के पास 20 बीघा खेत हैं। उसके तीन पुत्र हैं। मरका थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा।

## एक ने जहर खाकर तो दूसरे ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा:** अलग-अलग घटनाओं में एक युवक ने घर पर फांसी तो दूसरे ने ससुराल में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों ही घटनाओं में परिजन खुदकुशी की वजह नहीं बता सके।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्योड़ी बाबा निवासी रामगुलाम (37) पुत्र राजा भइया ने बुधवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। अनहोनी की आशंका पर छप्पर तोड़कर कमरे के अंदर दाखिल हुए पुत्र ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतक भाई लखन ने बताया कि वह ई-रिक्शा में बालू ढोने का काम करता था। नशे की हालत में घर आया था। रामगुलाम ने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उधर, फतेहपुर जिला के जबर्दस्त खेड़ा अजमतपुर निवासी अनुज (35) पुत्र राजबहादुर तीन पहले अपनी ससुराल नरैनी पत्नी मंजू को लिवाने आया था। बुधवार की रात उसने ससुराल में जहर खा लिया। परिजनों ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल काजेज में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया। चचेरे भाई गिरजा शंकर ने आशंका जताई कि पत्नी से विवाद के बाद जहर खाया है।



गुरुवार को जागरुकता रैली निकालती राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं। अमृत विचार

# एनएसएस की छात्राओं ने मतदान के साथ स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में स्वयंसेवी छात्राओं ने लोगों को मतदान के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। महिलाओं से राजनीति क्षेत्र में जागरूक होकर भागीदारी पर जोर दिया गया। नोडल अधिकारी ने स्वयंसेवी छात्राओं को एनएसएस का महत्व और उपयोगिता बताई।

राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को पहली, दूसरी और तीसरी इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना का चैथा एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। शिविर स्वच्छता व मतदान के प्रति जागरूकता (स्वीप) पर

- छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व और उपयोगिता समझाई गई

आधारित रहा। एनएसएस नोडल अधिकारी डा.सबीहा रहमानी ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयंसेवी छात्राओं को एनएसएस का महत्व और उपयोगिता बताई। गोष्ठी में महिलाओं की राजनीति में स्थिति पर चर्चा हुई।

डा.जयंती सिंह कहा कि आज महिलाओं की सबसे बड़ी जरूरत है कि वह राजनीति के प्रति जागरूक बनें। तृतीय इकाई अधिकारी अंकिता तिवारी ने छात्राओं को कहा कि मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए। द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी डा.ज्योति मिश्रा ने महिलाओं के जीवन में आने वाली व्यवहारिक चुनौतियों और समानता को जरूरी बताया।

समाजशास्त्र विभाग के संदीप सामंत सिंह व डा.सचिन मिश्रा ने पुरुष सत्ता के जोखिमों व महिलाओं के सामाजिक ढांचे पर व्याख्यान दिया। प्रवक्ता वीरेंद्र प्रताप चैरसिया ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी समापन पर स्वयंसेवी छात्राओं ने महाविद्यालय में सफाई करते हुए श्रमदान किया। मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान के लिए जागरूकता किया। अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय प्राचार्य डा.दीपाली गुप्ता ने सभी का आभार जताया।



बैठक में मौजूद भाजपा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू। अमृत विचार

# चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला प्रभारी ने टटोली नब्ज

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव में भारी भरकम जीत को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती। ऐसे में भाजपा के जिला प्रभारी रामकिशोर साहू लगातार बूथ स्तर तक संगठन की नब्ज टटोलने के लिए बूथवार बैठकों का आयोजन करके कार्यकर्ताओं में जोश का संचार कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को भाजपा उम्मीदवार की जीत के जी-जान से जुटने का आह्वान कर रहे हैं।

बुधवार की रात हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी संसदीय क्षेत्र के मटौंध नगर में जिला प्रभारी रामकिशोर साहू की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मटौंध के बूथ संख्या 331 में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री व जिला प्रभारी श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। कहा कि कार्यकर्ताओं मनोयोग से पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का प्रयास में जुटें। उन्होंने लोकसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार को कम से कम पांच लाख वोटों के अंतर से जिताने का लक्ष्य निर्धारित किया। कहा कि तीसरी बार पीएम

- मटौंध में भाजपा की बूथ स्तरीय बैठक कर दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर भारत को विकसित देशों की सूची में शामिल कराना है तो बुंदेलखंड की सभी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को एक बार फिर जीत का सेहरा पहनाना होगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व बड़ोखर मंडल प्रवासी डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि हर कार्यकर्ता को प्रत्याशी को जिताने का बीड़ा उठाना होगा, तभी हाईकमान के लक्ष्य के मुताबिक जीत हासिल की जा सकेगी। बताया कि हमीरपुर लोकसभा में तिंदवारी विधानसभा का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। ऐसे में तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक मतों का योगदान देकर क्षेत्र की एकजुटता का अहसास कराना होगा। बड़ोखर मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर सिंह, मंडल प्रभारी देशराज सिंह, शिवशरण नाना, राजाराम अनुरागी, शैलेंद्र सिंह, रामलाल प्रजापति समेत सभी बूथ स्तरीय पदाधिकारी शामिल रहे।

## रक्तदान से दिया दो बच्चों को जीवन

**बांदा:** पिछले छह वर्षों से लगातार मरीजों के लिए निशुल्क रक्तदान करके उनकी जान बचाने वाली संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ (ब्लड डोनर नेटवर्क) कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर से मानवता की मिसाल पेश की। दो बच्चों को रक्त देकर जीवन बचाने का काम किया। सेवर्स आफ लाइफ संस्था के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती एक वर्षीय नंदनी को रक्त की जरूरत थी। चिकित्सक डा. अरमानउल हक ने सेवर्स आफ लाइफ संस्था अध्यक्ष सलमान खान को सूचना दी। सूचना मिलते ही उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इसी तरह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती 14 माह के बच्चे आजाद को भी खून की जरूरत थी। संस्था के सदस्य संजय सिंह ने अस्पताल पहुंचकर रक्तदान कर बच्चे की जान बचाई।

# श्याम संध्या में कलाकारों ने भजनों व झांकियों से मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** फाल्गुन महीने में श्याम भक्त मुरली मनोहर को भक्ति के रंग में सराबोर कर श्याम प्रभु को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कोई फूलों की होली खेल रहा है तो कोई फाग भजन के माध्यम से भक्ति में लीन है। इसी क्रम में खाटू श्याम मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित श्याम संध्या में कानपुर और स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों और झांकियों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति में लीन कर दिया।

तिंदवारी रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर निर्माण के पहले वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पंडाल में श्याम बाबा की विशेष पूजा-अर्चना के साथ अलौकिक श्रृंगार कर ज्योति प्रज्वलित की गई। इसके बाद श्याम



श्याम संध्या में झांकियों का प्रदर्शन करते कलाकार। अमृत विचार

बाबू भजन संध्या शुरू की गई। कानपुर और स्थानीय कलाकारों ने मां दुर्गा शक्ति, शिव तांडव, राधा-कृष्ण झांकियों की प्रस्तुति के साथ एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति में लीन कर दिया। सजा दो घर को गुलशन-सा मेरे सरकार आए हैं, मिलोगे मोहन तो बताएंगे कितना प्यार है हमें, मीठे रस से भरियो राधा रानी लागे जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पंडाल खाटू नरेश की जय, तीन तीर धारी की जय, हारे के सहारे की जय के घोष से गुंजायमान रहा।

- ज्योति जलाकर सजाया गया श्याम बाबा का दरबार

भजन संध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू, राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, राजेश गुप्ता, अमित सेठ भेलू, रवि शिवहरे, कथा व्यास नवलेश दीक्षित (चित्रकूट), पं.उमाकांत त्रिवेदी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा ,प्रकाश साहू, संजय ओमर, अभिषेक मिश्रा, पंकज रावत, संगीता शिवहरे, चंद्रमोहन बेदी, पुष्कर द्विवेदी, अनिरुद्ध त्रिपाठी दद्दा, प्रकाश गुप्ता, रत्नेश गुप्ता, सत्यकेतु सिंह, विनोद द्विवेदी, वीरेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे। खाटू श्याम सेवा समिति मंडल के राम बहोरी शिवहरे ने सभी का आभार जताया।

# सड़कों पर घूमने वाले गोवंशों को भेजें गौशाला

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर गो-आश्रय स्थल प्रबंधन प्रणाली सुदृढ़ीकरण की समीक्षा की। उन्होंने सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित गोवंशों का शत प्रतिशत संरक्षण गो-आश्रय स्थलों में कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मंडल में निमार्णाधीन वृहद गो-आश्रय स्थलों का निर्माण जल्द पूरा कराने को कहा।

आयुक्त सभागार में गुरुवार को कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने गो-आश्रय स्थल प्रबंधन प्रणाली सुदृढ़ीकरण की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में पशु पालन विभाग



बैठक करते मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

अपर निदेशक द्वितीय ने मंडल में गो-आश्रय स्थल प्रबंधन प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। इस पर आयुक्त ने सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंशों के शत प्रतिशत संरक्षण गो-आश्रय स्थलों में किए जाने, अभिलेखीकरण में एक रूपता, संरक्षित गौवंशों की संख्या का माह में कम से कम दो बार सत्यापन उपरांत भरण पोषण

- गो-आश्रय प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी ने दिए निर्देश

की धनराशि का भुगतान करने व गो-आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने के लिए वर्मी कंपोस्ट, गाय के गोबर से पेंट उत्पादन, गो-आश्रय स्थलों की सघन निगरानी करने, सीसीटीवी की स्थापना एवं बीमार व मृत गोवंशों को ले जाने के लिए स्टेचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

यूपीआरएनएसएस के सहायक अभियंता को मंडल में निमार्णाधीन वृहद गौ आश्रय स्थलों का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी आयुक्त द्वारा दिए गए।




सम्मेलन में मंचासीन सपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवशंकर पटेल। अमृत विचार

# लोकसभा चुनाव कार्यकर्ताओं के दम पर लड़ेगी सपा : पटेल

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

**अमृत विचार:** सपा के बूथ व सेक्टर और जोन स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सरकारें निशाने पर रहीं। सपा से लोकसभा प्रत्याशी शिवशंकर पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि बूथ, सेक्टर, जोन कार्यकर्ता मिलकर चुनाव लडेंगे। गांव स्तर पर जनता दरबार लगाकर न्याय व समानता के विचारो की लड़ाई लड़ी जाएगी।

शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जनपद की सभी विधान सभा क्षेत्रों में सपा का बूथ, सेक्टर और जोन स्तरीय सम्मेलन का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में नरैनी विधान सभा क्षेत्र में गुरुवार को सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र सपा प्रत्याशी शिवशंकर पटेल ने पार्टी देश और प्रदेश में लोकसभा चुनाव कार्यकर्ताओं के दम पर लड़ेगी। सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि मतदाता सूची को ध्यानपूर्वक देखना है। भाजपा ने लाखों लोगों का मतदाता सूची से

- सपा के बूथ स्तरीय सम्मेलन में निशाने पर रही भाजपा

नाम कटवा दिए हैं। अंतिम समय तक मतदाता सूची का निरीक्षण करना होगा। पहले तो सत्ता मिलती थी सिर कटाकर, अब सत्ता मिलेगी सिर गिनाकर। नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर ने कहा कि समाजवादी कभी झूठ नहीं बोलते।

धर्म की राजनीति करने वाले भाजपा के लोग केवल जनता के संवेदनाओं के साथ खिलवाड़ करना जानते है। बूथ सम्मेलन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन साहू, राष्ट्रीय सचिव महिला सभा नीलम गुप्ता, विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष मुन्ना पटेल, महासचिव सगीर प्रधान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना पटेल, किरण वर्मा, शकील अली, बृजभूषण सिंह, रामफल लोधी, विवेक बिंदु तिवारी, नवल गुप्ता, भागवत गुप्ता, लालू यादव, राजेंद्र यादव, सहित बूथ, जोन, सेक्टर सहित जिलास्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**निरीक्षण** शिक्षा की गुणवत्ता खराब मिलने पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने जताई नाराजगी

# प्रधानाध्यापक और अध्यापकों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ने बड़ोखर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत परमपुरवा गांव स्थित प्राथमिक व पूर्व विद्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए छात्र व शिक्षक उपस्थिति समेत एमडीएम का जायजा लिया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में उन्होंने बच्चों से पुस्तकों का पाठन कराया। साथ ही सवाल भी पूछे। शिक्षा की गुणवत्ता खराब मिलने पर नाराजगी जताते हुए प्रधानाध्यापक समेत अध्यापकों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को बड़ोखर खुर्द ब्लाक क्षेत्र के परमपुरवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय समेत आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के




स्कूल में छात्र से किताब पढ़वातीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

कक्षा छह के बच्चों से हिंदी भाषा व कक्षा आठ के बच्चों से विज्ञान एवं पर्यावरण के संबंध में प्रश्न पूछकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखी। शिक्षा की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर प्रधानाध्यापक और अन्य अध्यापकों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश बेसिक शिक्षाधिकारी को दिए। इस दौरान उन्होंने मिड-डे-मील को भी चेक किया।

पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया। ग्राम प्रधान को बोरिंग का कार्य शीघ्र पूरा कराते हुए विद्यालय में सफाई रखने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में यहां तैनात सभी चार शिक्षक



तालाब का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

उपस्थित मिले। उन्होंने विद्यालय में पंजीकृत बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी को विद्यालय में निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराते हुए तीन दिन में व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने कमजोर बच्चों को विशेष रूप से ध्यान देने पर जोर दिया। आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए पोषाहार वितरण व प्राथमिक शिक्षा दिलाने के निर्देश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी समेत ग्राम प्रधान, अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

### निमार्णाधीन तालाब की देखी व्यवस्था

- जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने अटल भूजल योजना से मटौंध के मजरा मनका में निमार्णाधीन तालाब निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के आउटलेट, इनलेट के कार्य और तालाब के किनारे मार्ग का समतलीकरण कराने और अवशेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जाए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि गुणवत्ता खराब मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई होगी।




सुन्नी

इफ्तार (शुक्रवार) 06 :24 बजे | सहरी (शनिवार) 04 :54 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# हादसे से बचने के लिए खदान में खोदाई के तौर-तरीके बताए

## पहाड़ की खदानों में मैनेजर और फोरमैन की नियुक्ति करना अनिवार्य, अनदेखी न करें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की उपस्थिति में खान सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई, बैठक में जनपद के खनिज पट्टा धारक, क्रशर व्यवसायी और अधिकारियों को गाजियाबाद क्षेत्र के खान सुरक्षा डायरेक्टर ए राम बाबू ने खान सुरक्षा से संबंधित आवश्यक गाइडलाइंस व दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए कड़ाई से पालन करने के लिए प्रशिक्षित करते हुए जागरूक किया।

खान सुरक्षा डायरेक्टर ने कहा कि सुरक्षित खान संचालन के लिए माइंस एक्ट 1952, धात्विक खान विनियम 1961, माइन्स रुल्स 1955 के निम्नलिखित सेक्शन, विनियमों एवं नियमों का पालन करना है। इस एक्ट के अंतर्गत खान में कोई भी कार्य शुरू करने से पहले खान खुलने की सूचना खान सुरक्षा महानिदेशालय, गाजियाबाद क्षेत्रीय कार्यालय को भेजी जाएगी। (फोरम ऑफ फ़र्स्ट शैड्यूल) धात्विक खान विनियम के नियम 3 एवं खान अधिनियम 1952 के सेक्शन 16 के तहत खदान में उचित अर्हता प्राप्त प्रबन्धक का नियुक्ति किए बिना कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए। फोरम 4 में धात्विक खान विनियम के नियम हैं। खान को सीढ़ीनुमा बनाकर ऊपर से नीचे की ओर काम करना चाहिए।


बैठक में मौजूद जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

- खदान सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन
- खदान को सीढ़ीनुमा बनाकर ऊपर से करें खनन

बताया कि बेंच का ऊंचाई 6 मीटर या खनन कार्य के लिए उपयोग करने वाली यंत्र के डिग्गिंग हाईट से ज्यादा नहीं होना चाहिए। बेंच की चौड़ाई बेंच की ऊंचाई से ज्यादा नहीं होना चाहिए। धात्विक खान विनियम के नियम 106(3) के तहत खान में भारी यंत्रों जैसे की जेसीबी, शोवेल, डोज़र, टिप्पर, 34 एमएम से ज्यादा व्यास का होल करने वाली ड्रिल मशीन आदि का प्रयोग करने के लिए खान सुरक्षा महानिदेशालय से अनुमति लेना चाहिए। धात्विक खान विनियम 1961 के नियम 109(1), खान में धूल उत्पादन होना रोकने केलिए उचित उपाय जैसा की पानी छिड़कना, गीली ड्रिल्लिंग आदि करना चाहिए।

## एक नजर

### बिलाही डेरा के ग्रामीणों ने कहा, सड़क निर्माण कराएं

**हमीरपुर।** चार किमी की सड़क निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौपा है। उन्होंने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाया। कुरारा विकास खंड के ग्राम पंचायत पतारा के अंतर्गत बिलाही डेरा निवासी देवशरण, दिलीप, रामशरण, हेमंत, जगजीवन, कारेलाल, किशोरी लाल, भारत सहित दर्जन भर ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर तले डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि लगभग 50 परिवार बिलाही डेरा में 100 वर्षों से निवास करते चले आ रहे है। जहां स्थानीय लोगों को आज तक कोई सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है। सड़क भी खराब है। उन्होंने अधिकारियों समेत सीएम पोर्टल पर शिकायत भी की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# चार श्रमिकों की मौत के बाद टीम ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता महोबा

- खनन अधिकारी की तहरीर पर पट्टाधारक के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर
- 12 मार्च को ग्राम पहरा के एक पहाड़ में खनन करते समय हुआ था दर्दनाक हादसा

**अमृत विचार।** थाना कबरई के ग्राम पहरा में खनन कार्य के दौरान चार श्रमिकों की मौत के बाद गठित की गई टीम ने गुरुवार से जांच शुरू कर दी है। जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट पूरी करके जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। उधर खान अधिकारी की तहरीर पट्टाधारक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा थाना करबई में दर्ज हो गया है, जबकि पट्टाधारक और मृतक आश्रितों के बीच अभी भी समझौते की बात चल रही है।

12 मार्च को ग्राम पहरा के एक पहाड़ में खनन कार्य करते समय चार श्रमिकों की मलवे में दब जाने से मौत हो गई थी। इस घटना को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए मजिस्ट्रेटी जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित कर दी थी। गुरुवार को टीम ने पत्थर खदान में घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाए और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। इतना ही नहीं मौके पर पहुंची टीम ने घटना स्थल का जायजा लेने के बाद पट्टाधारक के परिजनों और आसपास के लोगों से बातचीत कर साक्ष्य एकत्र किए।

100 फीट नीचे पत्थर खदान बनाकर कराए जा रहे खनन कार्य के दौरान दो दिन पहले पत्थर और मिट्टी का टीला धसक जाने से मलवा धंसने से काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत हो गई थी, जबकि दो श्रमिक घायल हो गए थे। इस हृदय विदारक हादसे के बाद पूरा प्रशासनिक अमला घटना स्थल पर पहुंच गया था। चार मजदूरों की मौत के मामले में खान अधिकारी आरवी सिंह ने पट्टाधारक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराकर जांच शुरू करा दी है। मामले के दोषी जल्द ही गिरफ्तार हो सकते हैं।

# पुलिस टीमों ने अलग अलग स्थानों से तीन वांछितों को दबोचा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराधों की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सदर कोतवाली पुलिस और थाना अजनर पुलिस टीम ने अलग अलग स्थानों से तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली सदर के उपनिरीक्षक मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने कोतवाली में पंजीकृत अभियुक्त राहुल सिंह को शहर के लवकुश नगर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया हैं, वहीं पॅक्सो एक्ट से संबन्धित अभियुक्त अरविंद अनुरागी निवासी मोहल्ला कठकुलवा को राठ चुंगी के समीप से पकड़ा है। इसी प्रकार थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार द्वारा उपनिरीक्षक अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने अभियुक्त रविन्द्र सिंह(28) निवासी पुराना मेला ग्राम अजनर को वांछित के घर से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों को जेल भेजा है।

# 280 लोगों ने कराई आंखों की जांच

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा कस्बा पनवाड़ी में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर की जानकारी मिलते ही कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से आंखों की समस्या से पीड़ित लोग जांच कराने के लिए पहुंच गए। 280 रोगियों का रजिस्ट्रेशन कर नेत्र चिकित्सक की टीम द्वारा चेकअप किया गया और 22 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया।

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा चौथे नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मुकेश खरे, डॉ. शिवेंद्र मिश्रा, डॉ. सागर शुक्ला, सहायक गौरव तिवारी, रामस्वरूप वर्मा, रामप्रताप पाण्डेय तमाम टीम के सदस्यों द्वारा कस्बा सहित दूरदराज ग्रामों से आए लगभग 280 मरीजों का सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन किया और उसके बाद डॉक्टर द्वारा एक-एक मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया साथ ही निःशुल्क दवा वितरित की गई। 22 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाए जाने पर ट्रस्ट द्वारा चित्रकूट भेजा गया, जहां पर उनका आपरेशन कर उनकी आंखों में लेंस डालकर उसकी आंखों को सही किया जाएगा। नेत्र शिविर का आयोजन कराने वाले समाजसेवी राजू मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक माह की 13 तारीख को नेत्र शिविर का आयोजन कस्बे में किया जाएगा। शिविर में कस्बा सहित ग्रामीण अंचलों से आए लोगों की भीड़ सुबह से ही लगना शुरू हो गई थी। गौरव तिवारी ने बताया कि नेत्र का आपरेशन सर्दी, गर्मी बरसात किसी भी ऋतु में कराया जा सकता है।


मरीज का नेत्र परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

# कलश यात्रा निकाली

**अजनर महोबा।** अजनर बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। भक्तों ने बड़े ही धूमधाम से कस्बे में कलश यात्रा निकाली ।

अजनर स्थित हनुमान मंदिर पर सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसके उपलक्ष्य मे आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा बस स्टैंड से प्रारम्भ होकर थाना अजनर, हरिजन बस्ती, जुशयाना, माझे की खोर ,जटेरा मुहाल होते हुए बस स्टैंड पर समाप्त हुई कथावाचक सत्येन्द्र कृष्ण शास्त्री बिन्द्रावन धाम ,व्यवस्थापक माखन दास महाराज समस्त ग्रामवासी मुख्य यजमान राकेश द्विवेदी (बबलू महाराज सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश रखकर निकलीं इस अवसर पर भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

# पृथ्वी पर जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों ने गुरुवार को मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। एनएसएस ने लोगों को जागरुक किया और स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण और आसपास साफ सफाई की। पेड़ पौधों के पास पड़े पत्ते और खरपतवार को भी साफ किया।

प्रथम द्वितीय और तृतीय इकाई के अधिकारियों डॉ. ज्योति सिंह, प्रो. जगभान सिंह, नितिन द्विवेदी के निर्देश पर स्वयं सेविकाओं ने सफाई अभियान में हिस्सा लेकर सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर प्रो. द्विवेदी ने स्वयं सेविकाओं को वृक्षों की महत्ता बताते हुए उनकी देखभाल करने को कहा।

तीसरी इकाई के कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि पेड़ हम सबके जीवन के लिए अहम भूमिका निभाते हैं, इनके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है।

महाविद्यालय की प्राचार्य ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है, इसलिए हम सबको आज से कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। कहा कि पेड़ पृथ्वी पर जीवन को कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि वातावरण को शुद्ध रखने और संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधों का होना बहुत आवश्यक है, ये मिट्टी का कटाव रोकते हैं और नमी बनाए रखते हैं, जहां पेड़-पौधों की संख्या ज्यादा होती है वहां बरसात में अच्छी बारिश होती है।



एनएसएस शिविर में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

- मां चंद्रिका महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ आयोजन

### छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**महोबा।** रोशन सिंह बदन सिंह गायत्री महाविद्यालय कबरई की एनएसएस छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया गया। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोगों को मतदाता सूत्री में नाम शामिल कराने को कहा और शत प्रतिशत मतदान करने के लिये जागरूक किया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए एनएसएस की छात्राओं ने कबरई क्षेत्र के बीला दक्षिण ग्राम में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गो से गुजरी और ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। छात्राओं द्वारा बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है जैसे नारे लगाकर ग्रामीणों को मतदान के लिये प्रेरित किया गया। खुद वोट दें दूसरों को भी प्रेरित करें।

# इफ्तार के वक्त हर दुआ कुबूल होती है : मौलाना

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- रोजे से जिस्म को ताजगी के साथ ही गुनाहों की माफी मिलती है

**अमृत विचार।** हाफिज कारी मौलाना सलीम साहब ने कहा कि रमजानुल मुबारक माह में रोजे रखने वालों को बेइंतहा सवाब के साथ अल्लाह ताअला रोजेदार की इफ्तार के वक्त हर दुआ कुबूल करता है। इंसान के अंदर साल भर तक जमा रहने वाले गंदे कीटाणु रोजा रखने से उसके जिस्म से समाप्त हो जाते हैं और उसका जिस्म पाक हो जाता है।

कारी सलीम साहब मगरियापुरा की नूरी मस्जिद में खिताब करते हुए कहा कि रोजा रखने से वजन कम होता है । रोजा रखने का मतलब सिर्फ भूखा रहना नहीं होता है, बल्कि इस दौरान इंद्रियों पर नियतंण रखने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि जो रोजा रखता है और रोजे दौरान हर किस्म के गुनाहों से दूर रहता है आल्लाह ताअला उसके सभी गुनाह बख्श देता है, गुनाहों से पाक साफ हो जाता है। आल्लाह ताअला साल में एक बार रमजानुल मुबारक माह के मौक पर रोजदार के सामने इफ्तार के वक्त सारे पर्दे हटाकर उसके करीब आ जाता है। इफ्तार के वक्त की रोजदार की दुआ अल्लाह ताअला कुबूल फरमाता है।


खिताब करते मौलाना सलीम।

# सरकार की उपलब्धियां बताईं

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय से एलईडी वैन गुरुवार को महोबा पहुंची, जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलाया गया। शहर के आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर एलईडी वैन के जरिए केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही मोदी की गारंटी को लेकर भाजपा के संकल्प पत्र के जनता के सुझाव पेटिका में डलवाए गए, जहां पर भरी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के संयोजक मयंक तिवारी, पंकज गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता और सत्येंद्र प्रताप गुप्ता की मौजूदगी में आल्हा चौक, भटीपुरा, हवेली दरवाजा सहित नौ प्रमुख स्थानों पर एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाएं बताई गईं। भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के लिए आम जनता के सुझाव पेटिका में डालने का आह्वान किया गया। लोकहित के सुझाव संकल्प पत्र में शामिल किए जाएंगे।



सुझाव पेटिका में सुझाव डालते लोग। अमृत विचार

- शहर के नौ स्थानों पर एलईडी के माध्यम से योजना का किया गया प्रचार-प्रसार

अतिथि के रूप में जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र प्रताप रहे। डॉ. राजेश चौरसिया, अंकुश शिवहरे आल्हा चौक, हवेली दरवाजा ज्ञान प्रताप राठौर और संदीप शुक्ला मौजूद रहे। डाकबंगला में उमाशंकर गुप्ता व साधना गुप्ता रहीं। सत्तीपुरा में दुर्गाप्रसाद गुप्ता और नरेंद्र कुशवाहा रहे। चंद्रिका चौराहा में धीरेंद्र कुंवर राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संतोष चौरसिया रहे। एलईडी वैन ने महोबा विधानसभा में 40 से ज्यादा स्थानों पर एलईडी के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई साथ ही सुझाव पेटिका में सुझाव डाले जाने के लिए लोगों पर जोर दिया गया।

# वेतन न मिलने से कर्मचारी नाराज

**मौदहा (हमीरपुर)।** होली और ईद जैसे महत्वपूर्ण त्योहार करीब होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को फरवरी महीने का वेतन नहीं मिलने से उनमें खासा आक्रोश व्याप्त है। इसके चलते मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों पत्र लिखकर अनशन की चेतावनी तक दे दी गई है।

मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की अध्यक्ष ऊषा कुमारी कुशवाहा और मंत्री कुरैशा बेगम के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि उनके वेतन बिल में हस्ताक्षर नहीं होने से फरवरी माह का वेतन नहीं मिला है। साथ ही शासन द्वारा एलएचवी के प्रमोशन के लिए प्रक्रिया के आधार पर सूची भेजी जाती थी। जो अभी तक नहीं भेजी गई है। इससे आक्रोश व्याप्त है, जिसके चलते संगठन के सदस्य और पदाधिकारी 15 मार्च को कार्यालय में धरना देंगे।

# वाहन चलाते वक्त मोबाइल फोन पर बात करने से बचें

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर गुरुवार को यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए प्रभारी यातायात महोबा सुनील कुमार सिंह ने प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को चेक किया साथ ही विभिन्न प्वांइटों पर पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग दौरान बाइक पर बिना हेलमेट के बैठे लोगों का चालान किया गया।

जिले में होने वाली विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने और आम जनमानस को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किए जाने के उद्देश्य से यातायात प्रभारी ने अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूक किया। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग किए जाने, मोबाइल पर बाते न करने की जानकारी दी। चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाकर चलाने के बावत जानकारी दी।

यातायात प्रभारी ने बताया कि सीट बेल्ट लगे होने पर चार पहिया वाहन सवार काफी हद तक दुर्घटनाओं में सुरक्षित रहते हैं। कहा कि अभिभावक नाबलिग बच्चों को वाहन चलाने से रोकें।


वाहन की चेकिंग करता पुलिसकर्मी।

## आवाज उठाई

एसडीएम के नहर चालू कराने के आश्वासन के बाद खत्म किया धरना

# किसानों की समस्याओं को लेकर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय हलधर किसान यूनियन ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर चरखारी में धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए अधिकारियों से वार्ता भी की। अधिकारियों के लिखित आश्वासन देने कि चौधरी चरण सिंह डाल नहर चालू कर दी जाएगी के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया और अपने अपने घर चले गए। मांगे पूरी न होने पर पुनः धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी।

मालूम हो कि सिंचाई विभाग की तानाशाही और घोर लापरवाही के चलते किसानों की हजारों बीघा में खड़ी अधपकी फसल सूखने की कगार में पहुंच गई है। सिंचाई विभाग द्वारा नहर में पानी न छोड़े जाने से किसानों की गेहूं की फसल मुरझाने लगी है। किसानों द्वारा कई बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहर खोले जाने की मांग की गई लेकिन अधिकारियों ने किसानों की मांग को नजरंदाज कर दिया, जिसके चलते गुरुवार को भारतीय हल धर किसान यूनियन जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार और किसान प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में चरखारी क्षेत्र के किसानों ने तहसील चरखारी में धरना देकर प्रदर्शन किया।


एसडीएम को ज्ञापन देते यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- हलधर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

धरने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से वार्ता की। किसानों द्वारा बताया गया कि नहर में पानी न खोले जाने से किसानों की फसलें सूख रही है, जिस पर उपजिलाधिकारी ने जल्द ही नहरों को खोले जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद हल धर किसान यूनियन ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त कर दिया। धरना देने वालों में चंद्रपाल, हिमांशु, देवेंद्र, बद्रीनाथ, मूलचंद्र सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# विद्यालय से लौट रहा छात्र रास्ते में हुआ अचेत

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कालपी हमीरपुर हाईवे पर डामर गांव के पास विद्यालय से साइकिल से घर जा रहा 11वीं का छात्र हाईवे पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन स्थानीय सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

थाना क्षेत्र के डामर गांव निवासी आशिक कुमार (17) पुत्र रामनरेश गुरुवार को कस्बा के जगन्नाथ विद्या मंदिर में पढ़ने साइकिल से आया था। छुट्टी होने के बाद 12 बजे के करीब घर वापस जा रहा था तभी डामर गांव के पास कालपी-हमीरपुर हाईवे पर अचेत हो गया। ग्रामीणों ने सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया।

# मतदान स्थलों की देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी ने जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व रामप्रकाश के साथ विधान सभा महोबा और विधान सभा चरखारी के अंतर्गत आने वाले मतदेय स्थलों की व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिन विद्यालयों में मतदेय स्थल बनाए गए उन विद्यालयों में जाकर व्यवस्थाओं को देखा और साथ ही प्रधानाध्यापकों को शौचालय रैंप, बिजली, पानी की बेहतर व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने महोबा विधान सभा के प्राथमिक विद्यालय अलीपुरा, राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, प्राथमिक विद्यालय कांसीराम कालोनी महोबा तथा विधान सभा चरखारी के अंतर्गत आने वाले मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय अतरपठा, उच्च प्राथमिक विद्यालय लाडपुर, जूनियर हाई स्कूल बम्होरी खुर्द, पूर्व प्राथमिक विद्यालय सूपा, प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट सूपा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम अलीपुरा के बूथ केंद्र का निरीक्षण किया गया, इसके पश्चात् राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, प्राथमिक विद्यालय अतरपठा, प्राथमिक विद्यालय लाडपुर, जूनियर हाई स्कूल बम्होरी खुर्द, प्राथमिक विद्यालय सूपा, पूर्व प्राथमिक विद्यालय सूपा कमपोजिट मतदेय स्थलों का जायजा लिया । इस दौरान आयुक्त ने समस्त बूथों में मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा प्रत्येक केंद्र में बूथ लेवल अधिकारियों से दिव्यांग वोटरों तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध लोगों की जानकारी ली तथा उनके बूथ तक पहुंचने के बारे में भी जानकारी ली।


मतदान स्थल पर ग्रामीण से बात करते मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी।

# पौने चार करोड़ के गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## एएनटीएफ झांसी व मौदहा कोतवाली पुलिस को मिली कामयाबी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)



गांजा के साथ पकड़े गए दोनों आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बाहरी राज्यों से हो रही गांजे की तस्करी में एएनटीएफ झांसी और मौदहा पुलिस ने संयुक्त आपरेशन चलाकर लगभग पौने चार करोड़ रुपये के गांजे की बड़ी खेप के साथ अन्तर जनपदीय दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके घर से साढे सात कुंतल गांजा बरामद किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के छिरका के आसपास पुलिस को काफी समय से गांजा तस्करी की सूचनाएं मिल रही थीं, जिसके चलते पुलिस ने अपने मुखबिर भी इसी क्षेत्र में एक्टिव कर दिए थे। मुखबिर ने पुलिस को छिरका से पहले एक ट्यूबवेल पर गांजा की बड़ी खेप होने की सूचना दी। जिस पर एएनटीएफ झांसी के प्रभारी चंदन पाण्डेय अपनी टीम सहित क्षेत्र में पहुंच गए और क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी तथा कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज के साथ संयुक्त आपरेशन चलाकर हरिनारायण मिश्रा उर्फ विक्की के नलकूप पर छापेमारी की और विक्की को गिरफ्तार कर लिया। नलकूप के कमरे की तलाशी ली गई तो 753 किलो गांजा मिला। इसकी अनुमानित कीमत लगभग पौने चार करोड़ रुपये बताई जा रही है। विक्की ने बताया कि वह यह काम अपने सहयोगी श्रीनगर के भंडारा निवासी कृष्ण कुमार यादव के साथ करता है। पुलिस ने कृष्ण कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया।

## निरीक्षण के दौरान गायब मिली बीओ

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय विकासखंड का मंडल से आए संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने बेहतर कार्य करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

स्थानीय विकासखंड का गुरुवार को मंडल के संयुक्त विकास आयुक्त अनिल कुमार द्वारा विकासखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने कार्यालय, मनरेगा, उपस्थिति रजिस्टर, समूह की समीक्षा की, उपस्थिति रजिस्टर में युवा कल्याण विभाग की बीओ नेहा सोनी अनुपस्थित होने पर उन्होंने संबंधित विभाग के बीओ से अनुपस्थिति होने का कारण जाना तो मेडिकल पर होने की बात सामने आई। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता, एपीओ मनरेगा रुद्र प्रताप, एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल, वेद प्रकाश आदि ब्लॉक के कर्मी मौजूद रहे।

# नवोदय विद्यालय में बच्चों को परोस रहे घटिया खाना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कुछेछा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में आपूर्ति किए जाने वाली राशन सामग्री जांच में मिलावट पाई गई थी। अब कुरारा व मौदहा तथा जवाहर नवोदय विद्यालय राठ में खाद्य सामग्री में मिलावट मिली है।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा रामअवतार यादव ने बताया कि दो सप्ताह पहले कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुछेछा में मूंग दाल व आटा के नमूने प्रयोगशाला लखनऊ में जांच को भेजे थे । जिसमें मिलावट पाई गई । इस पर अन्य आवासीय विद्यालयों में खाद्य सामग्री संबंधी सैंपल लेकर जांच कराई गई। बताया कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुरारा का सूखी मटर सब स्टैंडर्ड) व सूजी अनसेफ पाया गया है। मौदहा में सरसों तेल मिलावटी मिला है। जवाहर नवोदय विद्यालय का जीरा अधोमानक पाया गया है। जो खाद्य सामग्री अनसेफ पाई गई है उससे संबंधित मुकदमा एसीजीएम कोर्ट व जो सब स्टैंडर्ड है उनका केस एडीएम के यहां दर्ज होगा।

### विभिन्न खाद्य पदार्थों के छह नमूने लिए गए

**हमीरपुर।** होली पर्व को देखते मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। सहायक आयुक्त राम अवतार सिंह यादव के नेतृत्व में सचल दल गठित कर अभियान चलाया गया। जिसमें बृजेन्द्र सिंह सरीला से पनीर का नमूना, आशिक खां गोहांड से साबूदाना, राजेन्द्र कुमार गोहांड से सरसों तेल, मुकेश कुमार गुप्ता कुम्हरिया राठ से हींग व जीरा, संजेश यादव के बोलेरो मैक्स (दुग्ध वाहन) से दूध का नमूना सहित कुल 06 नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री। अमृत विचार

### कुपोषण से बचने को पोषण युक्त आहार जरूर लें

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस मौके पर मौजूद आंगनबाड़ी व समूह की महिलाओं को पोषण भोजन की जानकारियां उपलब्ध कराई गई। गुरुवार को पोषण पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीती भिरवारे ने बताया कि नौनिहालों को कुपोषण से बचने के लिए पोषण युक्त भोज्य पदार्थ जरूरी है। इसमें मोटे अनाजों से बनाई गई खाद्य सामग्रियां सबसे बेहतर है। सुपरवाइजर कामिनी पाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर आंगनबाड़ी व समूह की महिलाओं को जानकारियां दी गई हैं। जो गांव में इसका प्रचार प्रसार करेंगी। इस मौके पर सुपरवाइजर तारा देवी, अमोल सिंह, आंगनबाड़ी गीता देवी, भानुमति, अनीता, प्रेमा देवी, रमा, अन्नू, संगीता, सुमन सहित अन्य समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।



पारा ओझी गांव में जागरुकता रैली निकालते एनएसएस के छात्र- छात्राएं।

### छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल सफाई के फायदे बताए

**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में राष्ट्रीय सेवा योजन (एनएसएस) की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमे कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. शीराज खान व एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार के निर्देशन में स्वच्छ भारत- स्वास्थ्य भारत का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। जिसके अंतर्गत पास के गांव पारा ओझी में छात्र छात्राओं ने साफ- सफाई की। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि यदि हम अपने दरवाजे के सामने स्वयं सफाई करेंगे तो वहां अलग ही रौनक होगी और यदि गंदगी रखेंगे तो हमारे अगल- बगल तरह -तरह कि बीमारियां पनपेंगी। यदि हम अपने दरवाजे के सामने सफाई रखेंगे तो स्वाभाविक ही पड़ोसी भी एक दिन नहीं तो दूसरे दिन वह भी अपने दरवाजे में सफाई रखेगा। इस तरह से हमारा पूरा गांव स्वच्छ व स्वस्थ्य रहेगा। इसके बाद महाविद्यालय के प्रांगण में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा की राष्ट्र सेवा स्वयं सेवक बनकर करना चाहिए। इस मौके पर एनएसएस के सभी छात्र व अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

### रमजान को लेकर बच्चों में भी दिख रहा उत्साह

**मौदहा (हमीरपुर)।** रमजान में रोजा रखने को लेकर बड़े के साथ ही बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मस्जिदों के साथ ही घरों में भी तिलावत का सिलसिला जारी है। रोजा रखने के लिए बच्चे भी बड़ों से पीछे नहीं है। रमजान की शुरुआत से ही बच्चों में रोजा, नमाज और तरावीह और तिलावत को लेकर खासा उत्साह है। कस्बे के नौ वर्षीय हैदर निजामी सुमेरपुर के टेढ़ा गांव निवासी अलीशा ने रोजा रखा। बच्चों के रोजा रखने को लेकर इनके परिवार के लोगों में खासा उत्साह देखा गया और बच्चे के पहली बार रोजा रखने को लेकर इफ्तार का भी खासा इंतजाम किया गया था। वहीं दोनों परिवार के लोगों ने बच्चों को कामयाबी और लम्बी उम्र की दुआएं दीं।



रोजा इफ्तार करते हैदर, निजामी और अलीशा।



निगरानी समिति के सदस्य राजू वाल्मीकि का स्वागत करते घनश्याम वाल्मीकि।

### निगरानी समिति के सदस्य राजू वाल्मीकि का स्वागत

**कुरारा( हमीरपुर )।** कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया वाल्मीकि व घनश्याम वाल्मीकि के यहां शादी समारोह में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के उप्र सरकार की राज्य स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य राजू वाल्मीकि पहुंचे। वर एवं वधु को उन्होंने आशीर्वाद दिया। इनके अलावा पूर्व सदस्य एससी एसटी आयोग उप्र किशनलाल सुदर्शन, रामप्रकाश प्रजापति, जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश सचिव मुनीलाल निषाद, शिवशरण यादव, नंदकिशोर शिवहरे, राजेश श्रीवास, बलवीर साहू, रामनारायण यादव, सुखलाल प्रजापति, नीरज कश्यप, छेदालाल, नीलम यादव जिलाध्यक्ष सपा महिला सभा, सुरेंद्र यादव, राजू यादव, डीडी सुमन, पप्पू सागर, बबलू खोटे, मुन्ना हजारिया, विनोद कुमार, प्रकाश हजारिया काफी संख्या मे राजनीतिक एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्राई साइकिल की टक्कर से बच्चे की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** ट्राई साइकिल ने बच्चे को टक्कर मार दी। इससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के परिजनों और आरोपी से पूछताछ की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुसियारी निवासी बाबूजी ने अपनी ट्राई साइकिल से कपसा मोड़ के निकट पहाड़ी के पास महोबा कस्बे के बजरिया निवासी याकूब खान के चार वर्षीय पुत्र अहमद खान को टक्कर मार दी। जिससे अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। दोनों पक्षों का एक गांव का होने के कारण गांव में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मृतक का परिवार काफी समय से गुसियारी गांव में रह रहा था।

### वृद्ध किसान को ट्रक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र के ममना पुरैनी तिराहा के पास पैदल जा रहे 70 वर्षीय गंगा प्रसाद खेत से अपने घर पैदल जा रहा था। तभी ममना पुरैनी तिराहा के पास पनवाड़ी जमाला से गिट्टी से भरा ट्रक जलालपुर जा रहा था। उसने वृद्ध किसान गंगा प्रसाद को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे एम्बुलेंस चालक धर्मेंद्र व ईएमटी विवेक कुमार ने एंबुलेंस से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया है। घायल की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने आनन फानन में मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है। घायल के बेटे मुल्लू ने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ लिया है, घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

### जान से मारने की धमकी देने पर रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के करौंदी गांव में मामूली विवाद के चलते एक युवक ने गांव के एक ग्रामीण के साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। करौंदी गांव निवासी दीपक पुत्र गुलाब सिंह ने जरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मामूली विवाद के चलते गांव के शंकरिया पुत्र सुम्मेरा ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त दबंग ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। बताया कि उसने जरिया थाने में मामले की तहरीर देकर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### स्टे के बाद भी निर्माण का आरोप, डीएम से शिकायत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के एक व्यापारी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर राजस्व परिषद से स्थगन आदेश होने के बाद विपक्षी द्वारा निर्माण करने का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को जांच के आदेश दिए हैं। कस्बा निवासी मनीष गुप्ता ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कुंडौरा गांव के गाटा संख्या 648 में वह सहखातेदार हैं। उक्त गाटा संख्या से लगा हुआ सीमा पत्नी बाबूराम का गाटा संख्या 642 है। इन दोनों गाटा संख्या 648 व 642 को विवादित दर्शाकर न्यायालय में वाद चला। मनीष ने बताया कि जनपद से वाद खारिज होने पर मंडलायुक्त की अदालत में वाद दायर किया था।जिसमें मंडलायुक्त ने निगरानी के आदेश दिए। लेकिन इस आदेश के खिलाफ सीमा ने राजस्व परिषद से स्थगन आदेश हासिल कर लिया है और अब सीमा खुद ही विवादित भूमि पर निर्माण कर रही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से कार्य रुकवाकर स्थगन के आदेश का अनुपालन करने की मांग की है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच को सौंपी है।

# मछली पकड़ने गया युवक यमुना में डूबा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- तीन दिन बाद साथी युवक ने परिजनों को दी सूचना
- गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश में जुटी पुलिस



खोजबीन के दौरान यमुना नदी के किनारे लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीन दिन पहले दो साथियों के साथ मछलियों का शिकार करने गया युवक संदिग्ध हालात में यमुना में डूब गया। दोनों साथी मौके से भाग गए। एक घर छोड़कर कानपुर निकल गया तो दूसरा यहां-वहां छिपा घूमता रहा। गुरुवार को युवक के परिजनों से साथी की मुलाकात हुई तो युवक के डूबने का पता चला। सुबह से परिजन, गोताखोरों की मदद से यमुना नदी में उसकी तलाश में जुट गए। सूचना पर पुलिस ने भी गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कर दी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर मोहल्ला निवासी फगुनिया निषाद ने बताया कि सोमवार को उसका पुत्र राजा (22) दो अन्य युवकों के साथ यमुना मछलियों का शिकार करने गया था। तब से लौटकर नहीं आया। बताया कि अक्सर वह एक-दो दिन के लिए यहां-वहां चला जाता था। इसलिए ज्यादा फिक्र नहीं थी, लेकिन तीन दिन गुजरे तो चिंता बढ़ी। उसके बाद खोजबीन शुरू की गई। कुछ लोगों ने बताया कि राजा सोमवार को दो युवकों के साथ यमुना में दिखा था, लेकिन युवकों के साथ वह लौटा नहीं था। फगुनिया का कहना है कि राजा के साथ गए रवि से जब पूछताछ की तो उसने टाल-मटोल किया। यहां-वहां लुका छिपा घूमता रहा। लेकिन जब दबाव बनाकर पूछा तो उसने राजा के नदी में डूबने की जानकारी दी। यह बात सुन पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। साथ गया तीसरा युवक कानपुर चला गया था। उससे फोन करके जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है।

गुरुवार सुबह से फगुनिया नाते-रिश्तेदारों और गोताखोरों की मदद से राजा की तलाश में यमुना नदी में खोजबीन में जुटा रहा है। मेरापुर के सभासद राम कन्हैया का कहना है कि उसे जब वार्ड के युवक के डूबने की खबर हुई तो वह भी नदी किनारे पहुंचे। फिलहाल नाव लेकर लोग उसकी तलाश में लगे हैं। उधर कोतवाल अनूप सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है।

## छापेमारी कर अवैध शराब की भट्ठी पकड़ी

**सरीला(हमीरपुर)।** जरिया थाना पुलिस ने अमूंद गांव में अवैध शराब बनाने की भट्ठी में छापेमारी कर 30 लीटरअवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित डेढ़ क्विंटल लहन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जरिया प्रिंस दीक्षित ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अमूंद गांव में छापेमारी की गई। जहां गांव निवासी संतोष राजपूत अपने घर के सामने छपरा में अवैध शराब बनाते हुए मिला। आरोपी युवक संतोष के विरूद्ध आबकारी अधिनियमके तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। इस कारवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षकरमाकांत शुक्ल, हेड कांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल सत्यपाल सिंह रहे।

# प्रधानाध्यापिका की एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- भैंस्ता गांव के कंपोजिट विद्यालय में बच्चों से पानी भरवाने का मामला
- बीएसए ने की कार्रवाई एक शिक्षक का वेतन रोका चेतावनी भी दी

**अमृत विचार।** मौदहा ब्लाक के भैंस्ता गांव के कंपोजिट विद्यालय में बच्चों से पानी भरवाए जाने का वीडियो वायरल होने पर दो शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी की जांच आख्या के बाद बीएसए ने प्रधानाध्यपक की एक वेतन वृद्धि रोक दी है। साथ ही सहायक अध्यापक/शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों का अग्रिम आदेशों तक वेतन एवं मानदेय रोकते हुए चेतावनी जारी की है।

मौदहा ब्लाक के भैंस्ता गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंस्ता (1-8) कम्पोजिट का पिछले नौ मार्च को एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें छात्राओं से पानी भरवाया जा रहा है। बीएसए आलोक सिंह ने मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी से कराई।

12 मार्च को आई जांच आख्या में बताया गया कि कक्षा सात व कक्षा छह के बच्चे से पूछे गए विज्ञान के छोटे से प्रश्न का उत्तर नहीं दिया। कहा कि विद्यालय में शिक्षा का स्तर बहुत ही खराब है। विद्यालय में कार्यरत इंचार्ज प्रधानाध्यापिका भारती कुशवाहा व अन्य सहायक अध्यापकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों द्वारा स्वेच्छाचारिता अपनाए हैं। वह पदीय दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

शिक्षण कार्य में रुचि न लेने पर बीएसए ने इंचार्ज प्रधानाध्यापिका भारती कुशवाहा की एक वार्षिक वेतन वृद्धि व अन्य सहायक अध्यापक शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों का अग्रिम आदेशों तक वेतन, मानदेय अवरुद्ध करते हुए पदीय दायित्वों के प्रति सजग रहने व दायित्वों का निर्वहन सही तरह से किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं।

## महिला दरोगा समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

**हमीरपुर।** बांदा में तैनात महिला दरोगा, उसके पति-पुत्र और भाई के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने की एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।

शहर के चौरादेवी मोहल्ला निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि उनके पड़ोसी अंजुम सिद्दीकी सालों से उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। उनकी पत्नी नाजिस सिद्दीकी दरोगा हैं। जिसकी बांदा सदर कोतवाली में तैनाती है। आरोप लगाया कि दरोगा ने भी पूरे परिवार को शह दे रखी है। बुधवार को उनके मकान की स्लैब पड़ने के लिए निर्माण सामग्री रास्ते में पड़ी थी। इसी को लेकर विवाद कर अंजुम सिद्दीकी, उसके पुत्र समीर उर्फ शीबू और साले सानू ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। आरोप लगाया कि महिला दरोगा ने अपने परिजनों को फोन के जरिए उकसाया था। मारपीट में उसे चोटें आईं हैं। साथ ही कहा उनके बूढ़े पिता के साथ भी अभद्रता की गई। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि तहरीर पर कार्रवाई की है।

# आधार केंद्र में की जा रही मनमानी वसूली

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- आधार संशोधन के नाम पर ग्रामीण दंपति से की 1300 रुपये की वसूली

**अमृत विचार।** कस्बे के बीएसएनल कार्यालय में संचालित आधार केंद्र में जमकर लूट खसोट मची हुई है। आधार कार्ड बनाने और संशोधन करने वाले दो युवकों के द्वारा नया आधार कार्ड बनाने और आधार कार्ड में संशोधन करने के एवज में अवैध रूप से भारी भरकम मोटी रकम वसूली जा रही है। गुरुवार को एक ग्रामीण दंपत्ति अपने बच्चे को लेकर उसका नया आधार कार्ड बनवाने और अपने आधार कार्ड को संशोधित कराने के लिए पहुंचे तो वहां पर मौजूद आधार केंद्र संचालक व उसके गुर्गों ने बच्चे का आधार कार्ड बनाने व दम्पत्ति के आधार कार्डों को संशोधित कराने के एवज में अवैध रूप से 1300 रुपये की वसूली कर ली। जिसके बाद अवैध वसूली का शिकार हुए ग्रामीण दंपति ने आधार केंद्र संचालक और वहां पर मौजूद दोनों युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जरिया थाने के जमखुरी गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र परमलाल ने बताया कि वह अपने 5 वर्षीय पुत्र विश्वास और पत्नी भाना देवी के साथ रथ कस्बे के बीएसएनएल ऑफिस में संचालित आधार केंद्र में अपने पुत्र विश्वास का नया आधार कार्ड बनवाने एवं अपना और अपनी पत्नी के आधार कार्ड का संशोधन करने के लिए गया हुआ था। बताया कि वहां पर मौजूद दो युवकों ने नया आधार कार्ड बनवाने एवं आधार कार्ड में संशोधन कराने के एवज में उससे 13 रुपये ठग लिये। बताया कि उसने एसडीएम कार्यालय में शिकायत कर बीएसएनल ऑफिस में संचालित आधार केंद्र में हो रही अवैध वसूली और लूट खसोट को बंद कराए जाने की गुहार लगाई है। इस सम्बंध में जब उप जिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे से बात की गई तो उन्होंने कोर्ट में होने का हवाला देकर कार्रवाई की बात कही है।

**निखरी प्रतिभा** जनप्रतिनिधियों ने बच्चों की प्रतिभा को खूब सराहा

# मॉडल प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल दिखाते छात्र - छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा सुमेरपुर क्षेत्र के एमडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तपोभूमि विद्यालय परिसर में गुरुवार को स्कूल के छात्र- छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी व फूड स्टॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति, भाजपा जिला मंत्री पुष्पराज सोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता, स्कूल के प्रबंधक नीरज साहू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर कर किया गया।

- एमडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

आयोजन में वर्ग प्रथम से दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञान यंत्रों के मॉडल का प्रदर्शन किया गया। वहीं उन्हीं छात्रों के दूसरे बैच द्वारा स्वयं से बनाये गये विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का आये हुए मेहमानों ने रसास्वादन किया। मुख्य अतिथि के साथ-साथ आये हुए अतिथियों ने बच्चों की जमकर तारीफ की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने स्कूल के बच्चे, निदेशक, प्राचार्य को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को बहुमुखी प्रतिभावान बनाते हैं। कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यालय के बच्चे समाज व राष्ट्र के पथ प्रदर्शक के रूप में उभर कर आते हैं। विद्यालय के प्रबंधक नीरज साहू ने अंत में सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ देवेंद्र सिंह, सत्यवीर सिंह, रणधीर सिंह, सत्य प्रकाश, विनय, वीर, प्रदीप, संदीप आदि मौके पर मौजूद रहे।

## नारायणपुर गांव में बनेगा कर्मचारी बीमा अस्पताल

**हमीरपुर।** जनपद के नारायणपुर गांव में कर्मचारी बीमा अस्पताल बनाए जाने के लिए एक एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। जिसे जिला प्रशासन शासन को उपलब्ध कराएगा। कर्मचारी बीमा अस्पताल बनने से ईएसआई कटने वाले कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

जिले में ईएसआई धारक राज्य कर्मचारियों के निःशुल्क इलाज के लिए कोई सुविधा नहीं है। जिसको देखते हुए भारतीय किसान मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर कर्मचारी बीमा अस्पताल खोले जाने की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 20 जिलों में बीमा अस्पताल खोले जाने के लिए हरी झंडी दी थी। राज्य कर्मचारी बीमा निगम के तहत शासन ने जनपद में डिस्पेंसरी कम ब्रांच कार्यालय (डीसीबीओ) खोले जाने की मंजूरी दे दी है। जिसके लिए डीएम को एक एकड़ भूमि उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर डीएम ने एडीएम को व एडीएम ने सदर एसडीएम को भूमि उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए थे। सदर एसडीएम ने सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र के नारायणपुर गांव स्थित गाटा संख्या 275 में एक एकड़ भूमि चिन्हित की है। सदर एसडीएम पवन कुमार पाठक ने बताया कि सुमेरपुर क्षेत्र के नारायणपुर गांव में एक एकड़ भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनमकीखुर्द, विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक : 13/03/2024

**अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/ सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 17/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत मनकीखुर्द विकास खण्ड कुरारा में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/03/2024 से दिनांक 16/03/2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 17/03/2024 को 11 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 17/03/2024 को ही समय 12 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 13/03/2024 से दिनांक 16/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीखुर्द विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफडीआर, सीडीआर के रूप में जो ग्राम विकास अधिकारी मनकीखुर्द के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि दो प्रतिशत | निविदा का मूल्य+ टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में पशु शेड निर्माण कार्य राजेश पुत्र पप्पू के पास | 1.39 | 2780.00 | 250+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द |
| 2. | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में पशु शेड निर्माण कार्य बालेन्द्र पुत्र नवाब सिंह के पास | 1.39 | 2780.00 | 250+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द |
| 3. | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में पशु शेड निर्माण कार्य मुन्नू पुत्र गोपाल के पास | 1.39 | 2780.00 | 250+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत मनकीखुर्द |

**अन्य शर्ते–** 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।, 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी।, 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।, 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।, 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।, 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।, 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एमएम–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।, 8. निविदाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5, टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा।, 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नही दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।, 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत मनकीखुर्द,
विकासखण्ड कुरारा (हमीरपुर)

## एक नजर

### चाट विक्रेता से हुई ठगी

**चित्रकूट।** मुख्यालय पर गुरुवार की शाम एक युवक ने चाट वाले से रुपये ठग लिए। द्वारिकापुरी मुहल्ले में एक युवक चाट का ठेला लगाता है। उसने बताया कि शाम को एक युवक उसके पास आया और उससे 350 रुपये यह कहकर ले लिए कि तुम घर जाकर बहन और मम्मी को 150 रुपये की चाट खिला देना और 500 रुपये ले लेना। भोलाभाला चाट विक्रेता झांसे में आ गया। जब वह युवक के बताए पते पर पहुंचा तो वहां मिली महिलाओं ने ऐसी किसी भी बात से इंकार कर दिया। यह सुनकर उस गरीब चाट वाले के होश उड़ गए। हालांकि उसने रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई।

### कार्रवाई की मांग

**जालौन।** युवक द्वारा खरीदी गई दुकान का निर्माण करवाने पर परिवार के लोगों ने रोक दिया गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। कोतवाली क्षेत्र चिमनदुवे निवासी रजा अहमद ने बताया कि उन्होंने जब्बार शाह से 2 लाख रुपए में दुकान खरीदी थी जिसका बैनामा कराया था। अब वह कच्ची दुकान को पक्का बना रहा था किन्तु उनके परिवार के हामिद शाह व इनके लड़के राजू, वसीम, जीशान निर्माण नहीं करने दे रहे हैं।

# खेत की मेड़ पर करौंदा एलोवेरा लगाएं: डीएम

## मुख्य फसल को अन्ना पशुओं से बचाने में पेड़ों से मिलेगी मदद

**कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में वर्ष 2024 के लिए जायद व खरीफ की फसलों का आच्छादन बढ़ाने के लिए बैठक हुई। जिला कृषि अधिकारी ने अन्ना प्रथा की समस्या से अवगत कराया। इसके प्रबंधन के सुझाव दिए। कृषकों को ऐसी फसलों के उत्पादन के लिए अन्ना पशुओं से प्रभावित न होने वाली तिल, मेंथा आदि फसलों के साथ ही खेत की मेड़ पर करौंदे, जेट्रोफा, एलोवेरा आदि को रोपित कर (फेंसिंग) के रूप में तैयार किए जाने का सुझाव दिया। मुख्य फसलें जैसे उर्द, मूंग, मूंगफली आदि का उत्पादन करने पर अन्ना पशु नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम राहुल पांडेय। अमृत विचार

विपणन निरीक्षक द्वारा बताया गया है कि जायद तिल की गुणवत्ता खरीफ तिल की तुलना में ज्यादा अच्छी होती है। कई किसानों ने जायद में तिल की खेती कर अच्छा उत्पादन प्राप्त किया है। जो किसान रबी मौसम में मटर, सरसों, मसूर की खेती करते हैं, उनके खेत जल्दी खाली हो जाते हैं। वह जायद में तिल व मूंग की खेती कर लाभ कमा सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से 30 हजार करौंदे के पौधे अनुदानित दर पर प्राप्त कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेड़ों पर करौंदे के पौधे रोपित किए जाएं। जिससे अगले वर्ष वह फेंसिंग के रूप में उपयोग हो सके और मुख्य फसलों को अन्ना पशुओं से कम क्षति हो।

# लापरवाही में सात पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार :** क्राप सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने वाले सात पंचायत सहायकों की जिला पंचायत राज अधिकारी ने संविदा समाप्त कर दी। जबकि मकरी गांव में तैनात पंचायत सहायक पर कार्य मुक्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से पंचायतीराज विभाग में हड़कंप मच गया। जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया है कि विकास खंड बबेरू के अलिहा गांव में तैनात पंचायत सहायक धनंजय, विकास खण्ड कमासिन के मऊ गांव में कार्यरत पंचायत सहायक सुभद्रा पांडेय, विकास खंड बिसण्डा के मुसीवां सानी में तैनात पंचायत सहायक पूर्वी यादव, पवई गांव में कार्यरत पंचायत सहायक प्रीती यादव, अमवा में कार्यरत पंचायत सहायक प्रिया कुशवाहा, विकास खंड नरैनी के नगवारा गांव में तैनात शारदा प्रसाद, विकास खंड बडोखर खुर्द के चटगन गांव में कार्यरत पंचायत सहायक सोनू निषाद को पद मुक्त किये जाने की कार्रवाई की गई है। विकास खंड महुआ के मकरी गांव में तैनात पंचायत सहायक नीलम को कार्य न करने के कारण ग्राम पंचायत के अनुमोदन से पदमुक्त किए जाने की कार्रवाई जारी कर दी गई है।

## घर में घुसकर नवनिर्मित दीवार गिराई

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड संख्या 15 में ग्रीन लॉज के पीछे दबंगों ने घर में घुसकर पति-पत्नी के साथ मारपीट करते हुए नवनिर्मित दीवार को ढहा दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कस्बे के वार्ड संख्या 15 में ग्रीन लाज के पीछे की निवासी आराधना देवी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने पति चंद्रशेखर के साथ मकान में निर्माण करा रही थी। तभी एक पड़ोसी उनके घर में घुस आए और उन्होंने मारपीट कर दीवार को ढहा दिया।

## सार-संक्षेप

### ग्राम प्रधानों, सभासदों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण



पंचायत अध्यक्ष आशा रानी को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

**कुरारा (हमीरपुर)।** बीआरसी में सभी प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों, सभासदों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक रहे। स्थानीय बीआरसी में गुरुवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्रशासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए ग्राम प्रधानों, सभासदों, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों एवं प्रधानाध्यापकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बताया गया कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन एवं विशेष शिक्षण, डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में सीधे धनराशि के प्रेषण, ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन आदि के संदर्भ में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल ने भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक व नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। प्रशिक्षण प्रभारी संजय सिंह गौर, देवेंद्र सिंह चंदेल, मनोज कुमार पांडेय, जय प्रकाश सचान, राजीव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जीएसटी की टीम ने गुटखा फर्म पर मारा छापा

**राठ (हमीरपुर)।** जीएसटी की चोरी करने के आरोप को लेकर कानपुर से आई जीएसटी की टीम ने कस्बे के एक गुटखा बनाने वाली फर्म पर छापा मारा। टीम के एक दर्जन से अधिक अधिकारी फर्म के अंदर करीब 10 घंटे तक जांच पड़ताल करते रहे। जीएसटी के अधिकारियों ने मीडिया को कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। टीम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सारा दिन कस्बे के अधिकांश किराने की दुकानें बंद रहीं। गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे कानपुर से एक दर्जन से अधिक जीएसटी के अधिकारी कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला स्थित शीतला देवी मंदिर के पास स्थित अंजली ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम पर छापा मारा। अंजली ट्रेडिंग कंपनी पप्पू झिन्ना की है। एक दर्जन से अधिक जीएसटी के अधिकारी सीधे गोदाम पहुंचे। कुछ अधिकारी गोदाम में चले गए और कुछ अधिकारियों ने गोदाम के मुख्य गेट में ताला लगाकर बाहर टहलने लगे। करीब 10 घंटे तक चली जीएसटी के अधिकारियों की जांच चलती रही। इससे पहले भी फर्म में करोड़ों का गुटखा पकड़ा जा चुका है। आरोपी पप्पू झिन्ना जेल भी जा चुका हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह एक गाड़ी में आ रही सुपाड़ी को जीएसटी के अधिकारियों ने मुस्करा में रोक लिया था।

### लोनिवि अधिकारियों पर धन के बंदरबाट का आरोप

**हमीरपुर।** शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री सहित प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष लोनिवि को शिकायत कर लोनिवि सीडी-2 के अधिकारियों के खिलाफ जांच कराए जाने की मांग की है। आरोप लगाया है कि लागत से कई गुना फर्जी तरीके से टेंडर गठित कर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। शहर के सुनराही गली मोहल्ला निवासी शिकायतकर्ता प्रियांशु गुप्ता ने शपथ पत्र बताया कि लोनिवि निर्माण खंड-2, में कार्यरत अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंताओं द्वारा भारी घोटाला किया जा रहा है।



शुभकामना कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। अमृत विचार

# विद्यार्थियों को दी गईं शुभकामनाएं

**सीतापुर (चित्रकूट)।** दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित रामनाथ आश्रमशाला में गुरुवार को शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हाईस्कूल के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कृष्णादेवी वनवासी बालिका आवासीय विद्यालय के प्राचार्य गंगाराम यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि विपरीत परिस्थितियों से डरे नहीं। समाजशिल्पी दंपति प्रभारी हरीराम सोनी ने कहा कि आगे चलकर समाज की बुराइयों को खत्म करें। स्वावलंबन अभियान के प्रभारी डॉ. अशोक पांडेय ने कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान के छात्र एवं कार्यकर्ताओं को लालटेन की तरह होना चाहिए। जिसमें तेल बाती एवं कांच तीनों आवश्यक है। तेल हमारी ऊर्जा है। बाती की तरह विद्यालय है एवं कांच की तरह छात्र हैं। छात्रों को लालटेन की तरह जलकर दूसरों को प्रकाशित करना चाहिए।

# शहर में निकाला गया पैदल मार्च

**कालपी जालौन।** आगामी लोकसभा चुनाव तथा रमजान माह को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए पुलिस विभाग के द्वारा कालपी में पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार को भारतीय तिब्बत सीमा सुरक्षा बल के सशस्त्र जवानों तथा पुलिस कर्मचारियों के द्वारा बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों में पैदल मार्च करके सुरक्षा का एहसास करा कर चैकिंग अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद,एडिशनल इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह सिंह, महेश सिंह,उप निरीक्षक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# 1050 निरीक्षक जांचेंगे कॉपियां

**कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर**

- हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी तेज
- जीआईसी और श्री विद्या मंदिर को बनाया गया है मूल्यांकन केंद्र

**अमृत विचार।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए शहर के दो कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इसमें जीआईसी में इंटरमीडिएट व श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू होगा। यह कार्य 31 मार्च तक चलेगा।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम इस बार जल्द आने की संभावना जताई जा रही है। संभावना है कि अप्रैल के अंत या मई के प्रथम सप्ताह तक परिणाम घोषित हो जाएंगे। डीआईओएस केके ओझा का कहना है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 16 से 31 मार्च तक मूल्यांकन कराने के निर्देश दिए हैं। बताया शहर के




जीआईसी मूल्यांकन केंद्र।

जीआईसी में इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में करीब 400 निरीक्षक लगेंगे । इसी तरह श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 650 निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। दोनों कॉलेजों को मूल्यांकन केंद्र बनाने के लिए बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। बताया कि दूसरे जनपदों की उत्तर पुस्तिकाएं इन केंद्रों पर मूल्यांकन के लिए आएंगी। उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या का निर्धारण गोपनीय है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित रहने वाले छात्रों की परीक्षाएं गुरुवार तक करा दी गईं।


## कार्यालय नगर पंचायत कुरारा-हमीरपुर

पत्रांक- 336/न0पं0कु0/कोट0देवा आपूर्ति-कुटेशन/2023-24 दिनांक: 14.03.2024

**कुटेशन सूचना**

कीटनाशक दवाओं के रजिस्टर्ड विक्रेताओं / सप्लायर फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुरारा को कीटनाशक दवाओं के छिड़काव / सैनेटाइजेशन कार्य हेतु तात्कालिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत निम्नांकित कीटनाशक दवाये /सामग्री क्रय किया जाना आवश्यक है, जिसकी आपूर्ति नगर पंचायत कुरारा में की जानी है। जिससे आपूर्ति सामग्री की प्रथक-प्रथक दरें (प्रति ली0/प्रति किलो0) प्राप्ति किये जाने हेतु कुटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपना सीलबन्द कुटेशन / दरें दिनांक 14-3-24 दिनांक 21-3-24 में समय अपरान्ह 2:00 तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त सीलबन्द कुटेशन दिनांक 22.03.2024 को अपरान्ह 3.30 बजे अध्यक्ष महोदय अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा खोले जायेंगे। कुटेशन खोलते समय अनुपस्थित ठेकेदार की प्रतीक्षा नहीं की जाएगी।

| क्रय सामग्री का नाम | आपूर्ति अवधि |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1. मैलाथियान टेकिनल कैमिकल 95 प्रतिशत फागिंग ऑयल, 2. मैलाथियान पाउडर, 3. चूना, 4. एण्टी लार्वा ऑयल, 5. क्लोरो पाइरीफॉस ऑयल, 6. फिनायल, 7. ब्लीचिंग पाउडर | 01 सप्ताह |

निर्धारित शर्ते -
1. आपूर्ति की मात्रा कुटेशन दर स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा।
3. आपूर्ति नगर पंचायत में करनी होगी।
4. कुटेशन की स्वीकृत दरें 31 मार्च 2024 अथवा नये टेण्डर / कुटेशन आमन्त्रण तक प्रभावी होंगी, तथा निकाय आवश्यकता के अनुसार स्वीकृत दरों पर कुटेशनदाता को आपूर्ति करनी होगी।
5. एक या समस्त कुटेशनों को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
6. आपूर्ति सामान की गुणवत्ता सन्तोषजनक न होने पर आपूर्ति कर्ता को सामान वापिस कर दिया जायेगा जिन हानि लाभ का वह स्वयं उत्तरदायी होगा।
7. राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि अन्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
8. बिलों से नियमानुसार करों की कटौती की जाएगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**


# वकीलों ने की नारेबाजी, हड़ताल जारी

**कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर**

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव व प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के विरुद्ध 24वें दिन हड़ताल जारी रखी। न्यायालय के गेट एक पर बने मंच पर गुरुवार को ओमप्रकाश द्विवेदी, गोविन्दराम द्विवेदी, रामसिंह राजपूत, बाबूराम कुशवाहा, शैलेंद्र सचान बैठे। अधिवक्ताओं के हुजूम ने प्रतिदिन की तरह बस स्टैंड व तहसील तिराहे के पास सांकेतिक जाम लगाकर नारेबाजी की।

धरना की अध्यक्षता कर रहे राजेंद्र वीर सिंह चौहान व फूल सिंह कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा पहले उनके आंदोलन को कुछ जिलों के अधिवक्ताओं का समर्थन मिला था। अब 48 जिलों में हमीरपुर के आंदोलन को समर्थन देने के लिए हड़ताल रखी




अनशन पर बैठे वकीलों को संबोधित करते भगवानदास दीक्षित। अमृत विचार

- उच्च न्यायालय ने शीघ्र कोई निर्णय नहीं लिया तो पूरे प्रदेश में आंदोलन की चेतावनी

गई है। इन जिलों के अधिवक्ताओं द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया है कि आवश्यकता पड़ी तो हम लोग मुख्यालय आकर आंदोलन में सहभागिता निभाएंगे।

अधिवक्ताओं ने उनका आभार प्रकट किया है। कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा शीघ्र कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो पूरे प्रदेश के अधिवक्ता हमीरपुर के आंदोलन के समर्थन में आंदोलित हो जाएंगे। धरने को भगवानदास दीक्षित ने भी संबोधित किया। क्रमिक अनशन में अजय पांडेय, आशुतोष सिंह गौर, सत्यप्रकाश, सुरेंद्र सिंह धुरिया, श्याम बाबू, प्रशांत सिंह चंदेल, योगेश शरण, अजय अवस्थी, अरुण निगम, अश्विनी प्रजापति, शिवशरण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मानव तस्करी और बाल विवाह रोकने को जागरूक होना जरूरी

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

- पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरखरी में हुई कार्यशाला

**अमृत विचार :** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की एक ओर से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में पुलिस ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कानून, साइबर क्राइम, बाल अपराध, यौन शोषण और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। कहा कि मानव तस्करी समेत बाल विवाह, बच्चा चोरी व नशा मुक्ति रोकने के लिए सभी को जागरूक करने की जरूरत है।

एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर गुरुवार को थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग यूनिट, एसजेपीयू की संयुक्त टीम व जन साहस संस्था ने शहर कोतवाली क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरखरी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। एएचटीयू प्रभारी अखिलेश प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बच्चों के साथ घटित अपराध व अपराध की रोकथाम के प्रति जागरूक किया। कहा कि मानव तस्करी खत्म करने के लिए मजबूत और सशक्त बनना होगा। इसको रोकने के लिए बालश्रम रोकना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए परिजनों से मिलकर उन्हें जागरूक करना होगा। उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों से किसी भी आपराधिक षड्यंत्र या असामाजिक गतिविधियों का अंदेशा होते ही तत्काल 108, 112 और 100 नंबर पर पुलिस को सूचना देने को कहा। छात्र-छात्राओं को पंफलेट वितरित किए। इस मौके पर कांस्टेबिल प्रशांत यादव, एसजेपीयू कांस्टेबिल रंजीत सिंह आदि मौजूद थे।

**अनदेखी** जालौन नगर की सड़कों पर दौड़ रहे 200 से अधिक ई-रिक्शा और ऑटो

# नाबालिग चला रहे वाहन, दुर्घटनाओं को न्योता

**संवाददाता जालौन,**

**अमृत विचार।** लोगों की सुविधा की सवारी बने ई रिक्शा व थ्री व्हीलर टैंपो अब लोगों की परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। अप्रशिक्षित ड्राइवर व कम उम्र के नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे यह वाहन खुलेआम दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। कम दूरी की सेवाओं व लोकल में आने-जाने के लिए ई रिक्शा सबसे सुविधाजनक वाहन माना जाता है।

जालौन नगर में 200 से अधिक ई रिक्शा व थ्री व्हीलर टैंपो सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन ई रिक्शा के आने से हाथ से चलने वाले रिक्शा पूरी तरीके से प्रचलन में बंद हो गये हैं। क्योंकि इन ई-रिक्शा में पेट्रोल डीजल डलवाने का झंझट नहीं रहता है। यह ई-रिक्शा बैटरी द्वारा चालित होते हैं।अतः यह कहीं भी आने-जाने के लिए एक सस्ती व सुगम सवारी



स्टैंड पर खड़े ऑटो। अमृत विचार

के तौर पर उपलब्ध हैं। इन ई रिक्शा से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बस जाने की सुविधा नहीं है ,आने-जाने में बहुत सहूलियत होती है। ऐसे बहुत से यात्री हैं जिन्हें निकटवर्ती 10 -12 किलोमीटर दूरी के गांव में जाना होता है। जालौन से उरगांव, सिहारी , पहाड़पुरा एवं जालौन से बाबई चुर्खी कुसमरा सूरजपुरा हरदोई राजा, जालौन से लौटना, छानी,कैथ, गिधौसा सहित लगभग पचास गांवों को जाने वाले यात्रियों को इन थ्री व्हीलर ऑटो रिक्शा से जाने आने में सहूलियत रहती है। एक प्रकार से छोटी दूरी के लिए यह रिक्शा व थ्री व्हीलर राहत की सवारी है ।लेकिन एक तथ्य जो दुर्घटनाओं का सबक बन रहा है वह यह है कि ज्यादातर चालक अप्रशिक्षित हैं। कई ई रिक्शा तो नाबालिग चलाते दिखाई दे जाते हैं। इस कारण और प्रशिक्षण के अभाव में दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं ।इधर कई थ्री व्हीलर चालक अपनी हठधर्मिता व दादागिरी के कारण मनमाने तरीके से मनचाही जगह पर थ्री व्हीलर खड़े कर देते हैं। कभी कभार सवारी दिख जाने पर यह चालक बीच सड़क पर ही अपना थ्री व्हीलर रोक देते हैं ।जिससे पीछे आने वाले वाहन को अपना वाहन कंट्रोल करने में बहुत दिक्कत होती है। नगर में इनकी उपयोगिता भी है परंतु समुचित नियमावली व प्रशिक्षण की अभाव में दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी इसे बढ़ रही हैं। नगर के गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है की नगर के ई रिक्शा चालक व थ्रीव्हीलर चालकों का सत्यापन कराकर इन्हें उचित प्रशिक्षण दिलाया जाए। ताकि अनायास होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# प्रसूताओं को भयभीत कर अवैध वसूली

**बांदा।** प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जहां एक ओर सभी को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के भरसक प्रयास कर रहे हैं, वहीं चिकित्सक अपनी मनमानी से बाज आने को तैयार ही नहीं हैं।

जिला महिला चिकित्सालय में अक्सर मरीजों से अवैध वसूली और अभद्रता के मामले सामने आते रहते हैं। वहीं प्रसूताओं को जान का खतरा बता कर निजी अस्पतालों में बेहतर उपचार के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। मंडल मुख्यालय स्थित जिला महिला चिकित्सालय में आशा बहुओं और निजी अस्पतालों के चिकित्सकों का खासा मकड़जाल सक्रिय है।

आशा बहुएं प्रसूताओं को बच्चे की जान का खतरा बताकर भयभीत करती हैं और बाद में बेहतर उपचार के नाम पर निजी अस्पतालों के हवाले कर देती हैं। इसके एवज में उन्हें निजी अस्पताल की ओर से मोटा कमीशन मिल जाता है। इस पर किसी का ध्यान नहीं है।


## कार्यालय नगर पंचायत कुरारा-हमीरपुर

पत्रांक- 337/न0पं0कु0/गौवंश/2023-24 दिनांक: 14.03.2024

**अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

सर्वसाधारण एवं समस्त भूसा विक्रेताओं / फर्मो को सूचित किया जाता है कि रा0वि0आ0/ बोर्ड फण्ड / कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि द्वारा नगर पंचायत कुरारा द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में रखे जाने वाले गौवंशों / जानवरों के भरण-पोषण हेतु गेहूँ भूसा, चारा की आपूर्ति प्राप्त किये जाने हेतु प्रति क्विन्टल गेहूँ भूसा, मटर भूसा, मसूर भूसा/चारा, दाना आदि आपूर्ति की दरें प्राप्त किये जाने हेतु बन्द कुटेशन दिनांक 14-3-24 से दिनांक 21-3-24 तक कार्यालय समय में कार्यालय नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर में आमंत्रित किये जाते हैं, जो दिनांक 22-3-24 समय 2.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष डाले व खोले जायेंगे। बिलों से नियमानुसार करो की कटौती की जाएगी। बिना कारण बताये एक अथवा सम्पूर्ण कुटेशन स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित है। अन्य सम्बन्धित जानकारी हेतु कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | आपूर्ति का नाम | कार्य आदेश पश्चात आपूर्ति का समय |
|---|---|---|
| 1 | भूसा गेहूँ प्रति क्विन्टल | 01 सप्ताह |
| 2 | भूसा मटर प्रति क्विन्टल | |
| 3 | भूसा मसूर प्रति क्विन्टल | |
| 4 | मिनरल मिक्सचर | |
| 5 | दाना | |

**नोट- किसान भाई, स्वयं सेवी संस्थायें, फर्म, पशु प्रेमी, एस0पी0सी0ए0 एवं सम्मानित नागरिक जो भी भूसा / चारा आदि दान में देना चाहें, दे सकते हैं।**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर**

# खुशखबरी: कालपी में दो ओवरहेड टैंक और ट्यूबवेल को मिली मंजूरी

## विधायक के प्रयास से नगर को मिली बड़ी सौगात, शीघ्र होगा स्थान का चयन

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो कालपी नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या खत्म हो जायेगी। जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा अलग-अलग स्थानों में दो ओवर हैंड पानी के टैंक तथा एक नलकूप की स्थापना के लिए मंजूरी दी है। जमीन का चयन होने के उपरांत कार्यदायी संस्था के द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नगर के रामगंज वर्फ फैक्ट्री के पास 5 लाख लीटर क्षमता की तथा आलमपुर में इलाहाबाद बैंक के सामने नई बस्ती में 10 लाख लीटर क्षमता के पानी के ओवर हैंड टैंक का निर्माण कराया जाएगा। नगरीय पेयजल आपूर्ति के लिए वर्तमान समय में अलग-अलग मोहल्लों में 15 नलकूप तथा दो ओवर हैंड पानी के टैंक स्थापित हैं। दरअसल नगरीय आबादी काफी बढ़ गई है तथा नगर में कई मोहल्ले ऊंचे-ऊंचे टीले में बसें हैं। इसी को दृष्टिगत रखकर विधायक विनोद चतुर्वेदी द्वारा नए ओवर हैंड टैंक व एक नलकूप तथा पाइपलाइन के स्थापना की पहल की थी। जल संस्थान तथा जल निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार करके भेजा गया था, चूंकि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी कालपी से ताल्लुक रखते हैं। इसपर दोनों नलकूपों तथा ट्यूबवेल के निर्माण की मंजूरी मिल गई हैं। गत दिनों जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव तथा जल निगम के इंजीनियरों के द्वारा जमीन के चयन के लिए सर्वे किया गया था। विभागीय सूत्रों के अनुसार नगर के मोहल्ला रामगंज वर्फ फैक्ट्री के पास 5 लाख लीटर क्षमता की तथा आलमपुर में इलाहाबाद बैंक के सामने नई बस्ती में 10 लाख लीटर क्षमता के पानी के ओवर हैंड टैंक का निर्माण कराया जाएगा। मोहल्ला उदनपुरा में विभाग के द्वारा एक ट्यूबवेल का निर्माण किया जाएगा।


पुरानी पानी की टंकी। अमृत विचार

### जलापूर्ति को बेहतर बनाने के प्रयास तेज : विधायक

**कालपी जालौन।** क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि जिस जिस स्थानों में पानी की आपूर्ति ठीक नहीं होती है। उन इलाकों में ओवर हेड टैंक, ट्यूबवेल तथा पाइपलाइन बिछाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर के जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के माध्यम से शासन को भेजे गए थे। कालपी नगरीय क्षेत्र में ट्यूबवेल की आवश्यकता के इलाकों में मोहल्ला रामगंज में बर्फ फैक्ट्री के पास, मोहल्ला उदनपुरा, इलाहाबाद बैंक टरननगंज के पास, वन विभाग के पास के इलाकों को शामिल किया गया था। इसी तरह नगरीय क्षेत्र कालपी में खानकाह शरीफ से हाईवे रोड पर मंडी के पहले तक करीब 2 किलोमीटर पाइप लाइन की आवश्यकता है। पाइपलाइन बिछाने के लिए भी प्रस्ताव तैयार कराये गये थे। क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि नगरवासियों को वाटर सप्लाई के माध्यम से शुद्ध जलापूर्ति कराने के लिये जोरदार तरीके से प्रयास चल रहे हैं।

# पालिका का निरीक्षण कर विकास कार्यों की हकीकत जानी

**कालपी जालौन।** उरई के सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद कालपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एवं विकास कार्यों तथा सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। प्रभारी अधिशासी अधिकारी/ उप जिलाधिकारी कालपी हेमंत पटेल के साथ सिटी मजिस्ट्रेट उरई के द्वारा नगर पालिका परिषद कालपी कार्यालय पहुंचकर वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान कराए गए नगरीय विकास के निर्माण कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन किया। कार्यालय में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, एसडीएम प्रभारी अधिशासी अधिकारी के साथ अनौपचारिक बैठक करके नगरीय विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई इस दौरान नगर की सफाई तथा रोशनी की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अकाउंटेंट हर्षभूषण सिंह निर्माण लिपिक सरफराज बाबा शीशपाल सिंह यादव पप्पू रमेश सिंह आदि जिम्मेदार कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शिविर में बिना शुल्क के मिलता है न्याय

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)


विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद अधिकारी व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अन्तर्गत जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के निर्देशन में तहसील उरई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भवन खेड़ाकलां में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुये सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत ने समस्त ग्रामीणों को बताया कि स्थाई- लोक अदालत की स्थापना जनोपयोगी सेवाओं जैसे-वायु, सड़क, रेल या जलमार्ग द्वारा यात्रियों या माल के वहन के लिये यातायात सेवा, डाक, तार, टेलीफोन सेवा, विद्युत, प्रकाश या जलप्रदाय, लोकसफाई या स्वच्छता प्रणाली, स्कूल कालेज अथवा शिक्षण संस्थान, आवासीय एवं रियल स्टेट सेवायें, अस्पताल या औषधालय में सेवा अथवा बैकिंग या बीमा सेवा से सम्बन्धित मामलों/ विवादों के निस्तारण के लिए की गयी है।

इसमें न्याय शुल्क नहीं लगता है। कम से कम खर्च एवं कम से कम समय में यहां से न्याय पाया जा सकता है। शिविर में उपस्थित नायब तहसीलदार उरई विजय कुमार, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन विभाग से सुकेश कुमार, चिकित्सा विभाग से डॉ. अजय चौहान ने अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कनिष्ठ लिपिक शुभम् शुक्ला ने लोक-अदालतें और सुलह-समझौता केन्द्र के लाभ, स्थाई लोक अदालत, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कानूनी सुविधाओं के सम्बन्ध में बताया। पराविधिक स्वयंसेवक महेन्द्र सिंह परिहार ने विधिक जागरुकता शिविर का संचालन किया। कार्यक्रम के अन्त में ग्राम प्रधान किरन भाटिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा, कौशल किशोर पटेल, पीएलवी रामदेव चतुर्वेदी, श्रीमती मनीशा चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र कुमार, योगेन्द्र सिंह तखेले, समेत दर्जनों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

- खेड़ाकलां के पंचायत भवन में लगा विधिक साक्षरता शिविर

# सड़क पर रैंप नहीं, फिसलते वाहन

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** स्थानीय नगर के मुख्य बाजार में पौने चार करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सीसी सड़क में कार्यदायी संस्था तथा इंजीनियरों के द्वारा सम्पर्क मार्गो में स्थाई या अस्थाई रैम्प न बनाने से राहगीरों, दुकानदारों तथा वाहन चालकों का निकालना दूभर है।

सड़क किनारे रैम्प बनाने को लेकर कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता से समस्या के निदान करने की मांग की है। ज्ञात हो कि लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय की देखरेख में ठेकेदार कंपनी के द्वारा पौने दो किमी. लंबी सड़क नगर के मुख्य बाजार के बीचोबीच बनाई जा रही है। सीसी सड़क के निर्माण की वजह से छोटे तथा बड़े वाहनों का निकलना पूर्णता बंद हो गया है। एक किमी से अधिक सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जबकि कार्यदायी संस्था ने अभी तक दोनों साइडों में एक - एक मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग पटरी के निर्माण का कार्य शुरू हो नहीं किया गया है। निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ अलग अलग स्थानों में सम्पर्क मार्ग है। जिनमें ठेकेदार ने स्थाई या अस्थाई रूप से रैम्प नहीं बनवाया है। जिससे पैदल तथा दो पहिया वाहन चालक भी नहीं निकल पा रहे है। मालूम हो कि निर्माणाधीन सड़क से प्रमुख धर्म स्थल मां बनखंडी धाम, खोवा मंडी बाजार रोड, सराफा मार्केट, मूंगफली मंडी आदि जगह आवागमन रहता है।


सीसी रोड पर वाहन ले जाते समय अक्सर होता हादसा। अमृत विचार

# डीआईजी ने उरई रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**उरई।** रेलवे डीआईजी राकेश पुष्कर ने जीआरपी थाने का औचक निरीक्षण किया। जीआरपी थाने के अभिलेखों का निरीक्षण और साफ सफाई देखी। स्टेशन पर महिला यात्रियों से बात कर व्यवस्था का जायजा लिया। डीआईजी पुष्कर ने बताया कि लोकसभा चुनाव और, रमजान, होली के त्यौहार को देखते हुए सभी रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी उद्देश्य से आज उरई स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया है, उरई स्टेशन में महिला हेल्प डेस्क की शुरुआत की जा चुकी है। उन्होंने जीआरपी थाना के अभिलेख और सा फसफाई और व्यवस्था की सराहना की।

# हमले के दोषी आठ बंदियों को मिला सात साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** पुलिस कर्मियों व बंदियों पर जानलेवा हमले के आठ बंदियों का दोष साबित होने पर जिला न्यायाधीश लल्लू सिंह ने शुक्रवार को उन्हें आठ-आठ साल की सजा सुनाई है। साथ ही एक एक लाख रूपए अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो साल अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। कोर्ट ने अनुरुद्ध, राजू ठाकुर, राजू उर्फ गुन्नू, आशीष तिवारी, रिंकू, दीपू, साहिद अली और मोहम्मद इरफान को सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता लखन लाल निरंजन ने बताया कि बांदा जनपद के रहने वाले नत्थू सिंह सन 2010 में जिला कारागार उरई में जेलर के पद पर तैनात थे, 28 मार्च 2010 को जेल के अंदर बंदी अनुरूद, राजू ठाकुर, राजू, गुन्नू, अशीष तिवारी, रिंकू, दीपू, शाहिद, काली मोहमद, इरफान और सुघर सिंह, सत्यभान राजा भैया, राजू, अखिलेश, मुन्ना, केवट रामनारायण उक्त बंदियों के बीच लगाई झगड़ा हुआ जिसमें दोनों पक्षों के बंदियों के बीच में किसी बंदी ने बम धमाका कर दिया था। उससे अहमद बंदी और नाजिर की मौत हो गई। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी सहित कुछ बंदी घायल हो गए। पुलिस ने एक दर्जन बंदियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

## सार-संक्षेप


केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष के समक्ष सदस्यता लेते मुस्लिम युवक।

### मुस्लिम युवकों ने ली भाजपा की सदस्यता

**उरई (जालौन)।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है उसी तरह एक-दूसरे दल के कार्यकर्ता भाजपा सत्तारूढ़ दल की सदस्यता लेते हुए दिखाई दे रहे है। आज गुरुवार जालौन-गरौठा भोगनीपुर लोकसभा के अंतर्गत उरई के मंदेद्रालय गेस्ट हाउस में केंद्रीय मंत्री सांसद भानु प्रताप वर्मा व जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भगवा पट्टिका पहन कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा ज्वाइन करने वालों में प्रमुख रूप से इजरायल मंसूरी, वहीद मंसूरी, शब्बीर मंसूरी, अनवर मंसूरी, इसरार मंसूरी, मुफीन खान, खान आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।


आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते सीडीपीओ। अमृत विचार

### बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं और सही वजन दर्ज करें

**जालौन।** आंगनबाड़ी अपने-अपने केंद्रो पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं तथा लाभार्थियों को हॉट कुक योजना का लाभ दें। पोषण पखवाड़े के अंतर्गत बच्चों का वजन भी सही दर्ज कर पोषण ट्रेकर की फीडिंग जरूर पूरी करें। यह निर्देश बाल विकास परियोजना अधिकारी कपिल शर्मा ने ब्लॉक क्षेत्र की एक दर्शन आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण करने के दौरान कार्यकत्रियों को दिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने ब्लॉक क्षेत्र सहजदपुरा के चार केंद्रों , पहाड़पुरा के तीन , उरगांव के पांच ,तथा अकोडी दुबे के एक केंद्र का औचक निरीक्षण किया, जिसमें सभी आंगनबाड़ीं तथा सहायिका उपस्थित मिली, लेकिन बच्चों की संख्या कम मिलने पर उन्होंने उपस्थित सभी कार्यत्रियों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैक्टर पर फीडिंग पुरी करें बच्चों का सही-सही वजन अंकित करें, सरकार द्वारा बच्चों को लिए आई हॉट कुक योजना का लाभ उन बच्चों तक जरूर पहुंचाएं किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरतें।इस मौके पर उनके साथ सुपरवाइजर भी मौजूद थी।

# डिप्टी डायरेक्टर ने किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता जालौन

- कृषि उत्पादन मंडी समिति में प्रकाश व्यवस्था पर हो रहा काम

**अमृत विचार।** बंगरा मार्ग पर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक सब्जी मंडी में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 17 लाख लागत से काम कराया जा रहा है। मंडी परिसर में चल रहे कार्य का निरीक्षण करने के लिए डिप्टी डायरेक्टर के साथ तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। कृषि उत्पादन मंडी समिति के डिप्टी डायरेक्टर मो कमाल इरफान के साथ सहायक अभियंता हर्ष श्रीवास्तव, अवर अभियंता गिरीश वर्मा की टीम ने स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक सब्जी मंडी में चल रहे विद्युतीकरण के कार्य को देखा। मंडी परिसर में 17 लाख की विद्युतीकरण का काम फतेहपुर की संस्था प्रदर्श लाइट हाउस द्वारा कराया जा रहा है। विद्युतीकरण के चल रहे कार्य को देखने आयी प्रयागराज की टीम ने बिजली पोल की गुणवत्ता के साथ उसको जमीन में लगाने समेत विभिन्न कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम ने विद्युतीकरण के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा क्रय किये सामान को चैक किया तथा विभागीय मानकों से मेल किया तथा चल रहे काम को संतोषजनक पाया। निरीक्षण के बाद डिप्टी डायरेक्टर ने संस्था प्रमुख को सख्त निर्देश दिए कि वह पूरा काम निर्धारित इसी माह की समय सीमा में पूरा कर दे तथा गुणवत्ता से कोई समझौता न करें। समय समय पर टीम निरीक्षण करेगी अगर खामियां मिली तो कार्रवाई भी की जायेगी।

# एनएसएस शिविर में किया जागरूक

**उरई (जालौन)।** गांधी महाविद्यालय उरई में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का किया गया। शिविर में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी डा. धर्मेद्र कुमार कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय विषय-प्रथम तथा द्वितीय इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन शुभारंभ किया गया। शिविर 20 मार्च तक चलेगा। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए प्राचार्य डा. देवेंद्रनाथ ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में डिजिटल एवं सोशल मीडिया, साक्षरता, एड्स जागरूकता, संविधानिक कर्तव्यों की सूचना के अधिकार के प्रति जागरूकता, तम्बाकू निषेध कार्यक्रम की जानकारी दी जायेगी। इस मौके पर प्राचार्य डा. देवेंद्रनाथ, डा. मनोज कुमार मिश्रा प्रथम इकाई कार्यक्रम अधिकारी, धर्मेद्र कुमार द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।

# अल्ट्रासाउंड करवाने गए दंपति और डॉक्टर के बीच मारपीट

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- अस्पताल का तीन दिन से चक्कर काट रहे थे दंपति
- घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार।** तीन दिन से अल्ट्रासाउंड करवाने अस्पताल जा रहे दम्पति से गुरुवार को अस्पताल में चिकित्सक और अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट हो गई। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के उरई जिला अस्पताल का है। आरोप है कि अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर पर्चा जमा करने वाला कर्मी रोज कल आने की बात कहकर टरका देता था।

गुरुवार को युवक अपनी पत्नी को लेकर अल्ट्रासाउंड कक्ष पहुंचा तो वहां पर खड़े कर्मचारी ने युवक से अल्ट्रासाउंड न होने की बात कही तो इस बात को लेकर युवक व अस्पताल कर्मी में विवाद होने लगा। अल्ट्रासाउंड कक्ष के अंदर बैठे डाक्टर सौरव कुमार बाहर निकल कर आये और अस्पताल कर्मचारियों के साथ मिलकर युवक व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। इस दौरान डाक्टर को भी चोटें आईं। मारपीट के बाद युवक कोतवाली गया, जहां युवक बृजेंद्र पाल निवासी ग्राम बडेरा को भी पुलिस ने बैठा लिया। इससे पहले पीड़ित युवक बृजेंद्र पाल ने डाक्टर की शिकायत 1076 पर की थी। सूत्रों से बताया इस मामले में डाक्टर सौरव कुमार व बृजेंद्र पाल दोनों ने ही पुलिस को तहरीर दी है। घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की गहन छानबीन की।


अस्पताल पहुंचकर जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

हकीकत देखी | जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जुगरापुर गौशाला का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# मार्च के अंत तक पूरा करें गौशाला निर्माण का काम : डीएम

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को निर्माणाधीन जुगराजपुर गोशाला, प्राथमिक विद्यालय व पोलिंग बूथ, आंगनवाड़ी केंद्र जुगराजपुर, खण्ड विकास कार्यालय कुठौंद व निर्माणाधीन जलाधारित परियोजना रायपुरा का औचक निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गोशाला जुगराजपुर का निरीक्षण के दौरान यूपीआरएनएसएस कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि 31 मार्च 2024 तक सभी कार्य पूर्ण करते हुए गोवंशो को संरक्षित किया जाए।

प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए साथ ही छात्रों के अभिभावकों को प्रेरित करते हुए बच्चों को यूनिफॉर्म में ही स्कूल भेजने हेतु प्रेरित करें। मिड डे मील में बच्चों को रोस्टर अनुसार भोजन न मिलने पर कड़ी फटकार लगाई साथ ही निर्देशित किया कि रोस्टर अनुसार ही बच्चों को भोजन दिया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विद्यालय के परिसर का फर्श, प्रधानाध्यापक कक्ष व आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर होने पर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि एस्टीमेट बनाकर सही कराया जाए। इसके उपरांत विकासखंड कुठोन्द का निरीक्षण के दौरान आइजीआरएस जनसुनवाई प्राप्त शिकायत के निस्तारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की, साथ ही निर्देशित किया कि किसी भी शिकायतकर्ता की शिकायत लंबित न रहे समय सीमा के अंतर्गत शिकायतों का अधिकारी निस्तारण करना सुनिश्चित करें। ग्राम विकास अधिकारी व अन्य कर्मचारियों की जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया, जिसमें सभी कर्मचारियों की जीपीएफ पास बुक अपडेट मिली, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वरिष्ठ सहायक अर्चना मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाए। खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं के लंबित आवेदनों को स्वयं परीक्षण कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें। निर्माणाधीन जल परियोजना रायपुरा के निरीक्षण के दौरान धीमी प्रगति पर फटकार लगाते हुए 31 मार्च तक परियोजना को मैन पावर व मशीनरी बढ़ाकर पूर्ण करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे।


कुठौंद ब्लॉक कार्यालय में फाइल देखते डीएम राजेश कुमार। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने कुठौंद ब्लाक में देखीं व्यवस्थाएं, कमियों को दूर करने के निर्देश

**माधोगढ़, कुठौंद जालौन।** विकासखंड कुठौंद में डीएम के निरीक्षण से विभागीय अधिकारियों में हलचल दिखाई दी। ब्लॉक परिसर कुठौंद पहुंचने के बाद जिला अधिकारी ने एक एक पटल का बारीकी से निरीक्षण किया। जहां कामियां दिखाई दीं वहां नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार करने के निर्देश दिए। गांवों में साफ सफाई की व्यवस्था पर ध्यान देने के लिए कहा ब्लॉक कुठौंद के जुगराज पुर गांव में बन रही गो सफारी का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी के साथ कई विद्यालयों का निरीक्षण किया जहा पर चुनाव के दौरान मतदान स्थल बनाए जाने है वहा पर शौचालय और पेय जल की व्यवस्था को ठीक करने के निर्देश दिए जिला अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया मेरे द्वारा आज ब्लॉक और क्षेत्र का निरीक्षण किया गया कार्य संतोष जनक पाया गया है जहा पर कमियां है उनको ठीक करने के निर्देश दिए गए चुनाव में मतदान स्थल बनाए जाने है जिनका निरीक्षण किया गया और व्यवस्थाएं दुरस्त करने के निर्देश दिए गए। कहा कि इन कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समय से प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों को पूरा कराएं। ताकि लोगों को किसी भी तरह की समस्या न हो। यदि लापरवाही मिली तो जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बड़े पुत्र निजामुद्दीन व उसकी पत्नी नाजरीन का चाल चलन ठीक नहीं है। आये दिन हमसे मारपीट कर परेशान करते हैं। वह शराबी व जुआरी है। इस के चलते वह पूरे परिवार को धमकी देता है। इसी के चलते मैने व मेरे परिवार ने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद कर लिया है। उन दोनों की ओर से किये गये किसी भी अच्छे या गलत कार्य के लिये वह खुद जिम्मेदार होगा। **कुतुबुद्दीन पुत्र अजिज मोहम्मद निवासी अनन्दीपुर्वा मौजा खुर्रमपुर थाना व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

मैं तारा दत्त अपने पुत्र जगदीश चन्द्र के आर्मी नं.-4193644.X, ग्राम-बमोरा, पो.ओ. बौडा मेहता, जिला-चम्पावत, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम TARA DATT दर्ज है जबकि मेरा सही नाम TARA DUTT है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में TARA DUTT दर्ज किया जाये।

**गुमशुदा**



मेरा पुत्र प्रमोद कुमार दिनांक 21-12-2023 की शाम से घर मे बिना कुछ बताए लापता हो गया है। उसकी उम्र 30 वर्ष, रंग गोरा, कद 5 फीट है। काफी खोजने के बाद भी उसका कोई पता नही चला सका। उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। यदि किसी सज्जन को उसका कोई पता या जानकारी मिले तो कृपया सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को पांच हजार नकद इनाम दिया जाएगा। **नौमीलाल, निवासी-मोहल्ला गुठवनपुरवा वार्ड डड़ियामऊ. नगर पंचायत व तहसील फतेहपुर। जिला बाराबंकी, फोन नं0- 8090836042**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जोगा सिंह अपने पुत्र बिरेन्द्र सिंह मलडा के आर्मी नं. -4199072X ग्राम-मण्डलसेरा, पो. ओ. मण्डलसेरा, जिला-बागेश्वर, उत्तराखण्ड,** मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम जोगा सिंह मलडा दर्ज है जबकि मेरा सही नाम जोगा सिंह है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में जोगा सिंह दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **अनिल कुमार पुत्र चेतराम, निवासी- मोहल्ला- सुभाष नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील- छिबरामऊ, जनपद कन्नौज,** मौजा स्थित खेड़ा जगदीशपुर की गाटा संख्या 568 आराजी 121.5 वर्गमीटर मेरे नाम पर दर्ज है। मेरे विक्रेता चन्द्रकान्त पुत्र राधाचरण, निवासी- लोहिया नगर सिकन्दरपुर, परगना व तहसील छिबरामऊ, जिला कन्नौज के नाम नगर पंचायत सिकन्दरपुर जिला कन्नौज में दर्ज है. उनका नाम पृथक करके मेरा नाम अंकित कर लिया जाये।

